e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 180
बुधवार
03.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
विश्व एक विशाल व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सुकमा : महिला सहित दो हार्डकोर माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला सुकमा में आज मंगलवार को सक्रिय पांच-पांच लाख रुपये के एक महिला माओवादी सहित दो हार्डकोर माओवादी ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नीयद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर कोंटा एरिया कमेटी की नक्सली 05 लाख रूपये ईनामी सोढ़ी गजेन्द्र उर्फ हजमा पिता स्व. हुंगा जो कोंटा एरिया कमेटी सदस्य, एर्राबोर सिविल ऑर्गनाईजेशन कमाण्डर निवासी वीराभट्टी थाना भेजी जिला सुकमा एवं महिला नक्सली 05 लाख रूपये ईनामी सोढ़ी मंजूला उर्फ मंजूला पति कमलेश कोण्टा एरिया कमेटी सदस्या ने आत्मसमर्पण किया।

### लोकसभा में दिए भाषण के हटाए गए शब्द पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से हटाने के खिलाफ स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी. उन्होंने कहा कि मेरे विचारों को कार्यवाही से हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है. ऐसे में मेरे भाषण के हटा दिए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के भाषण में भी आरोपों की भरमार थी, लेकिन उनकी स्पीच से केवल एक शब्द हटाया गया. इसको लेकर किया गया भेदभाव समझ के परे है. राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में सच्चाई रखी.

### लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली :** लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आज नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष ने मणिपुर के एक सांसद को समय नहीं दिए जाने पर हंगामा किया। प्रधानमंत्री के अभिभाषण के दौरान शोर शराबे के खिलाफ रक्षा मंत्री ने विपक्ष के कृत्य की भर्त्सना करते का प्रस्ताव रखा, जिसका गृह मंत्री ने अनुमोदन किया और बाद में सदन ने इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया।

### भारी बारिश के बीच मिजोरम में हुआ भूस्खलन

**आइजोल:** बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मिजोरम में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है। मंगलवार को भूस्खलन के कारण राज्य में भारी तबाही मची। आज सुबह आइजोल के जुआंगतुई इलाके में भूस्खलन के कारण तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। हालांकि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।एहतियात के तौर पर, आइजोल के सलेम वेंग की स्थानीय परिषद द्वारा 20 परिवारों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में हुए कई अन्य भूस्खलनों के कारण संपत्ति का भी भारी नुकसान पहुंचा है।प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। खराब मौसम के बावजूद प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर रहता और बचाव कार्य किया जा रहे हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए स्व-नामांकन 15 जुलाई तक : शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए पात्र शिक्षकों से शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल http://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर 27 जून से ऑनलाइन स्व-नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी यह जानकारी दी।मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 50 शिक्षकों का चयन तीन चरणों वाली चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। यह पुरस्कार 5 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

## उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़

# 120 लोगों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ.

यहां पर एक सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई. हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के गांव फुलरई में आयोजित भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ के कारण बड़ा हादसा हुआ है. हाथरस भगदड़ में 120 लोगों की मौत हो गई. मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. साथ ही इस हादसे में 100 से अधिक श्रद्धालु घायल भी हो गए हैं.

घटना की सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं. साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और हादसे की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया है.

जानकारी के मुताबिक, घायलों को बस-टैंपों में लादकर जिला अस्पताल ले जाया गया. डीएम और एसपी मौके पर पहुंच गए. साथ ही मौके पर कई थानों की फोर्स भी पहुंची. हाथरस से घायलों को एटा भेजा गया. एसएसपी एटा राजेश कुमार ने बताया कि एटा पहुंचे शवों में ज्यादा महिलाएं व बच्चे शामिल है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस हादसे को दुर्घटना पर दुख जताते हुए अपने एक एक्स पोस्ट में कहा,जनपद हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं. संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं.



### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने घटना पर दुख जताया

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कई लोगों की असामयिक मृत्यु एवं घायल होने का दुःखद समाचार मिला। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोक-संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करता हूं।

### बाबा के काफिले को निकालने के चक्कर में मची भगदड़

यूपी के हाथरस जनपद में सिकंदराराऊ थाना अंतर्गत फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। लगभग पौने दो बजे सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई।

**100** से अधिक श्रद्धालु इस हादसे में घायल भी हो गए हैं.

घायलों को बस-टैंपों में लादकर जिला अस्पताल ले जाया गया.

**50** हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक लिया।

### सीएम योगी ने आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया

हाथरस में मची भगदड़ को लेकर सीएम योगी ने गहन जांच के निर्देश दिए हैं और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया है।

### पीएम मोदी ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन

पीएम मोदी ने हाथरस के हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने लोकसभा में कहा कि यूपी के हाथरस में जो भगदड़ हुई, उसमें कई लोगों की दुखद मृत्यु होने की जानकारी है। जिनकी जान गई है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के ठीक होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार भी यूपी सरकार के साथ काम कर रही है। केंद्र सरकार की तरफ से मैं पूरी तरह से आश्वासन देता हूं कि हर संभव मदद की जाएगी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण



**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में चतरा जिले के सिमरिया व चतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत क्रमशः मयूरहंड प्रखंड व प्रतापपुर प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण किया।उन्होंने सर्वप्रथम मयूरहंड प्रखंड के राजकीयकृत मंझगांवां बूथ नंबर 321 का निरीक्षण किया। मौके पर बूथ के बीएलओ से यहां पर मतदान प्रतिशत कम होने की जमीनी जानकारी ली। साथ ही बूथ अंतर्गत मृत, डुप्लीकेट एवं शिफ्टेड कोटि के मतदाताओं के बारे में विस्तार से जाना। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव का समय निकट है ऐसे में मतदाता सूची में किसी भी त्रुटि सुधारने के लिए अब काफी कम समय है। इसलिए निर्देश दिया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में जुड़े सभी स्तर के पदाधिकारी और कर्मचारी अभियान मोड में हर प्रकार की त्रुटियों का निष्पादन करें। अस्पष्ट और ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के स्थान पर रंगीन फोटो के अपडेशन का कार्य शत प्रतिशत कर लेने का भी निर्देश दिया गया।इसके पश्चात उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय मयूरहंड बूथ नंबर 280, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय परासी बूथ नंबर 286, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनहरी बूथ नंबर 292 का भी भ्रमण किया। इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनहरी बूथ नंबर 292 के परिसर में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना लाखों युवाओं की जीत : हिमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार के द्वारा स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना राज्य के लाखों युवाओं की जीत है। अंततः सरकार को युवाओं की मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर कहा कि नियुक्तियां फ्री और फेयर की जाएं। साथ ही मामले की जांच सीबीआई करे।नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक्स पर कहा कि सिर्फ स्थगन नहीं, सीबीआई जांच व कड़ी कार्रवाई जरूरी है। युवाओं के भविष्य से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को खेलने नहीं दिया जायेगा। राज्य के लाखों युवाओं के हक व अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। बात सिर्फ पीजीटी परीक्षा तक सीमित नहीं है। राज्य में बड़ी साजिश के तहत नियुक्ति घोटाला झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के संरक्षण में अंजाम दिया गया है।

राज्य सरकार इस नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे और सेटिंग करने और करवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे।बाउरी ने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होना झारखंड के लाखों छात्रों की जीत है। इस मामले की जांच राज्य सरकार को सीबीआई से करवानी ही होगी। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और किसी भी तरह की नियुक्ति में घोटाला भारतीय जनता पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची नीतीश सरकार आरक्षण 65 प्रतिशत करने की मांग



एजेंसी

**पटना :** नीतीश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पटना हाईकोर्ट के 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ बिहार सरकार के वकील मनीष सिंह ने याचिका दायर की और दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की मांग की। विपक्ष लगातार आरोप लगा रही थी कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बिहार में आरक्षण को बढ़ाना नहीं चाहती थी। भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोगों को संदेह पहले से ही था कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे। हमलोगों ने चुनाव में भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी लोग हैं। विपक्ष के इन आरोपों के बीच एनडीए सरकार की ओर से सुप्रीमो कोर्ट का रुख करना विरोधियों को जवाब देना माना जा रहा है। बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था। इसके बाद से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जातिजनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा था।

## नीट पेपर लीक मामला : ओएसिस स्कूल के दो शिक्षकों को सीबीआई का समन




प्रभाम मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नीट पेपर लीक में अब जांच का शिकंजा कसता जा रहा है। हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य की गिरफ्तारी के बाद अब जांच की जद में शिक्षक भी आ गये हैं। हाल के दिनों में नीट पेपर लीक का पूरा फोकस हजारीबाग रहा है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब इस मामले में ओएसिस स्कूल के दो शिक्षकों को सीबीआई ने समन भेजा है और उन्हें पटना सीबीआई के दफ्तर में हाजिर होने का आदेश जारी किया गया है। इस मामले में कुछ और बड़े खुलासे हो सकते हैं। कुरियर कंपनी के साथ-साथ कुछ कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी सीबीआई की नजर है। सीबीआई उस चेन की तलाश कर रही है, जिसके जरिए यह जाना जा सके प्रश्न पत्र कैसे और कब लीक हुआ। सीबीआई की टीम अभी भी लगातार जांच का केंद्र हजारीबाग को बनाये हुए है। जानकारी मिली है कि गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में कुछ कामयाबी तो सीबीआई को मिली है, लेकिन उतनी भी सफलता अब तक नहीं मिल पायी है, जिसके बूते इस परीक्षा के पेपर लीक के मास्टर माइंड तक पहुंचा जा सके।बता दें कि हजारीबाग से अबतक तीन लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है. जिसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और पत्रकार जमालुद्दीन शामिल है।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के दौरान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर बोला जोरदार हमला

## कांग्रेस लगातार तीन चुनावों में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पर बोलने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर बड़ा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस लगातार तीन चुनावों में 100 का आंकड़ा नहीं छू पाई है। ये तीसरी बार कांग्रेस का सबसे कम स्कोर है। अच्छा होता कि कांग्रेस जनता के इस फैसले को स्वीकारती। कांग्रेस और उसका ईकोसिस्टम दिन रात हिंदुस्तान के नागरिकों के मन में ये स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने हमें हरा दिया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसका ईको सिस्टम सिर्फ मन बहलाने का काम कर रहा है। पीएम ने कहा,1984 के बाद इस देश में 10 लोकसभा के चुनाव हुए हैं। इसके बावजूद कांग्रेस 250 के आंकड़े को छू नहीं पाई है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज



कसते हुए कहा कि कुछ लोग बधाई दे रहे हैं कि तुम 100 में 99 नंबर लाए हो। अब उनको कौन बताए कि ये 100 में से नहीं 543 में से 99 नंबर लाया है। फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है।पीएम मोदी ने शोले के डायलॉग का जिक्र करते हुए कहा कि मौसी ये बात तो सही है कि ये लोग सिर्फ तीसरी बार ही तो हारे हैं। मौसी मॉरल विक्टरी तो है न। मौसी सिर्फ 13 राज्यों में जीरो सीटें आई हैं, पर हीरो तो हैं न। ये बालकबुद्धि अपनी सीमाएं खो देती है। इनकी सच्चाई अब पूरा देश समझ गया है। आज देश इनसे कह रहा है- तुमसे नहीं हो पाएगा। तुमसे न हो पाएगा।

### विधानसभा में तृणमूल विधायकों का जारी है धरना

**कोलकाता (एजेंसी):** राजभवन के बजाय विधानसभा में शपथ दिलाने की मांग कर रहे तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने मंगलवार को अपना धरना जारी रखा है। दूसरी ओर सोमवार को राज्यपाल दिल्ली से वापस सिलीगुड़ी लौटे और मंगलवार को वहीं से वापस दिल्ली लौट गए। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने उन्हें राजभवन में शपथ ग्रहण करने के लिए पिछले बुधवार को आमंत्रित किया था।



# आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर एसडीओ ने राजनीति पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधरनगर के सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी के साथ एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक किया। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड रांची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के द्वारा पत्रों के माध्यम से रेशनलाइजेशन के निमित्त दिए गए निर्देश की प्रति उपलब्ध कराई गई। दृतीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संदर्भ में विस्तार से बताया गया एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के पत्र की प्रति एवं प्रपत्र 9, 10, 11, 11 क तथा 11ख की प्रति उपलब्ध कराई गई। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर के द्वारा 9 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर ऊंटारी के पत्रांक संख्या 479, 27 जून 24 के द्वारा 20 मतदान केंद्र के भवन पर परिवर्तन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। सर्व सम्मति से उपस्थित राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव, 81 भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के द्वारा 29 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन, नाम में आंशिक संशोधन हेतु सर्व समिति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सुश्री अदिति गुप्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर ऊंटारी, श्री नंद जी राम प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर, वासुदेव राय प्रखंड विकास पदाधिकारी रमना, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी नगर ऊंटारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी केतार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि श्री मुकेश कुमार चौबे भारतीय जनता पार्टी ,श्री शैलेश चौबे कांग्रेस पार्टी, श्री प्रमोद कुमार बहुजन समाज पार्टी, अमरनाथ पांडे झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित अन्य पार्टी के लोग उपस्थित थे।

## पूर्व डीआईजी का किया गया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड के भूमि दाता सह सेवा निवृत डीआईजी श्री संजय रंजन सिंह के आज प्रखंड सभागार में नौडीहा बाजार के जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान व प्रखंड प्रमुख श्रीमती रेशम कुमारी व पंचायत समिति के सदस्यों के द्वारा अंग वस्त्र और पुष्प की गुच्छें देकर भव्य स्वागत किया गया। वही मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के सम्बोधन करते हुए कहा कि प्रखंड निर्माण से लेकर आज तक प्रखंड कैंपस सरकार के लाखों की लागत से बने भवन में पदस्थापित बीडीओ व सीओ की रात यहां की अंधेरे नही बीती है तो इस प्रखंड के उजाले के विकास के बारें में क्या जान सकतें है। जिस सोच से हमने प्रखंड के लिए अपनी भूमि को दान दिया लेकिन आज तक प्रखंड के भोलेभाले ग्रामीणों की विकास की लाभ नहीं मिल सका। मौके पर उप प्रमुख मीरा कुमारी, पंपस श्री शत्रुधन साव, बिनेश विश्वकर्मा, अनावरवा देवी, सुनीता देवी के अलावा समाजसेवी मुख्तार आलम, कमलेश चंद्रवंशी समेत कई जन प्रतिनिधि समाजसेवी मौजूद थे।

## व्यक्ति को कर्मवादी होना चाहिए : जीयर स्वामी



**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के सिंगरा स्थित अमानत नदी तट आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चातुर्मास व्रत कथा में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन में कहा की मनुष्य को भाग्य वादी नही कर्मवादी होना चाहिए। मनुष्य अपने कर्मों का फल ही भोगता है। कर्मों के कारण ही दुख या सुख भोगता है। लेकिन जब मानव जीवन में दुख आता है तो भगवान को दोष देता है। भगवान कभी किसी को दुख नहीं देते किसी का अहित नहीं चाहते. अगर ऐसा होता तो मंगल भवन अमंगल हारी चौपाई शास्त्रों में वर्णित नही होता। पापाचार, व्यविचार नही करना चाहिए. पाप देखना, पाप करने वालों की सहायता करना पाप करने के समान है। स्वामी जी ने कहा की श्रीमद्भागवत कथा द्वारा भगवान को प्रसन्न किया जा सकता है. अपने पास में बुलाया जा सकता है। बशर्ते उनके प्रति निष्ठा समर्पण होना चाहिए. वैदिक परंपरा और सनातन परंपरा के जितने भी देवी देवता हैं उनका अनादर ना करें। पूजा पाठ करें लेकिन समर्पण निष्ठा किसी एक से करें।

## भाकपा माले का धरना प्रदर्शन आज

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा वाले के अनुमंडल कमेटी के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने एसडीओ को आवेदन देकर गनियारी कला में उपस्वास्थ्य केंद्र एवं सार्वजनिक स्थल को अतिक्रमण से मुक्त करने का अनुरोध किया है।उन्होंने एसडीओ प्रभाकर मिर्धा को दिए गए आवेदन में लिखा है उप स्वास्थ्य केंद्र एवं कमेटी हाल को गिरा कर शबाना बीवी (एएनएम) पति अब्दुल मजीद अंसारी (शिक्षक), जन्नत अंसारी पिता स्वर्गीय असगर अली तथा उनके सहयोगीयो के द्वारा उक्त भूमि पर निजी भवन निर्माण किया जा रहा है।उन्होंने लिखा है कि पूर्व में कई वर्षो से इस संबंध में धरना प्रदर्शन का कार्य किया गया। परंतु उस पर किसी प्रकार का कोई भी कार्रवाई आज तक नहीं हुआ। उन्होंने लिखा है कि पूर्व एवं वर्तमान अंचल पदाधिकारी धुरकी के द्वारा उपस्थल का सीमांकन के लिए निर्देश भी दिया गया था।परंतु अब तक सीमांकन से संबंधित कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। अंत में उन्होंने एसडीओ को दिए गए आवेदन में लिखा है कि अगर उक्त सभी मामलों में कार्रवाई नहीं किया गया तो भाकपा वाले पार्टी के तत्वाधान में 3 जुलाई 2024 से अनिश्चितकालीन हाई स्कूल टाटी दीरी के बगल में गनियारी कला के मैदान में ध्वनि यंत्र, झंडा- बैनर के साथ शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## हाईवा में अगलगी की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** नावा बजार प्रखंड क्षेत्र स्थित 29 मई की रात एनएच 98 नावा बजार मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना के बाद हाईवा में अगलगी की घटना को अंजाम देने वाले प्राथमिक अभियुक्त इंतजार खान को नावाबाजार पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। साथ हीं उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभियुक्त के उपर नवाबाजार थाना कांड संख्या 32/24 धारा 147, 148, 149, 353, 341, 342, 435, 427, 504, 506 भादवि के तहत 29 मई 2024 को दर्ज किया गया था। इसके बाद नामजद सभी अभियुक्त फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आलोक में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार इसे गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी अभियुक्त इंतजार खान को गिरफ्तार किया?। विदित हो कि 29 मई की रात लगभग 8 बजे पड़वा मोड़ से औरंगाबाद की ओर जा रही एक हाईवा व मोटरसाइकिल की टक्कर हुई थी। जिसमें नावाबाजार निवासी 42 वर्षीय एनामुल खान गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवा को आग के हवाले कर दिया था। जिसमें हाईवा पूरी तरह जल कर खाक हो गया था। घटना के बाद नावा बाजार पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच वाद विवाद भी हुआ था। घटना के बाद उपद्रवियों के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को आग के हवाले किया जाना, कई अन्य गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया जाना, सड़क जामकर लगभग तीन घंटा आवागमन बाधित किया जाना, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना आदि मामलों में सुसंगत धाराओं के साथ नावाबाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें 9 नामजद अभियुक्त सहित आठ दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# पशु सेड में चलता हैं आंगनबाड़ी केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चांदो पंचायत में कई आंगनबाड़ी केंद्र का प्रमुख गायत्री देवी ने आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 7 में पाया की सेविका रूसाना खातून व सहायिका जमीरा खातून ने घोर लापरवाही करते हुए गाय शेड में बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहीं हैं और वहीं जांच के दौरान बच्चों से पूछ ताछ के क्रम में पता चला की दस बजे तक बच्चें को आंगनबाड़ी सेविका द्वारा कुछ खाने को भी नहीं दिया गया था वहीं दूसरी और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 6 का सेविका आशा देवी व सहायिका पानपति देवी 11 बजे अपना केंद्र खोल कर साफ़ सफाई कर रहीं थी जबकि एक भी बच्चें केंद्र पर मौजूद नहीं थें,मौके पर गायत्री देवी ने केंद्र का जांच करते हुए कहा की सरकार के नियम कानून को सेविका व सहायिका ताक पर रखकर केवल सरकारी पैसों को हज़म करने में लगी हुई है जबकि धरातल पर सेविका सहायिका बच्चें को पढ़ाने की जगह अपना घरेलू काम करने केंद्र पर लगी हुई थीं यह घोर लापरवाही केंद्र पर देखने को मिल रही है प्रमुख गायत्री देवी ने पूछा की टीएचआर पैकेट मिला है की नहीं तो इस पर सेविका ने कहा कि फरबरी माह का टीएचआर पैकेट जुलाई माह में दो बैग मिला है जबकि खुला पाउच आज तक कभी मिला ही नहीं हैं। वहीं तीसरी और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 का सेविका सरिता देवी व सहायिका अनुपा देवी का अपना आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने के कारण सेविका सरिता देवी अपने मायके का घर के दरवाजा को ही आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में मानकर सरकारी पैसा को हजम करने में लगी हुई है। इस संदर्भ में सुपरवाइजर रिंकी देवी ने कहा कि हमे जानकारी नही थी की आंगनबाड़ी केंद्रों में इस तरह के हरकते सेविका सहायिका द्वारा की जा रही हैं जानकारी मिली है तो ऐसे सेविका सहायिका पर जांच कर कारवाई की जाएगी।

## पोक्सो एक्ट में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर पुलिस ने सोमवार को पोक्सो एक्ट के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के हुटार खुर्द गांव निवासी 23 वर्षीय आकाश साव विश्रामपुर थाना क्षेत्र के एक 17 वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर 29 जून को मेदिनीनगर ले गया।जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। लड़की व उसके परिजनों द्वारा विश्रामपुर थाने में बहला फुसलाकर दुष्कर्म किए जाने की प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। थाना प्रभारी सौरव कुमार चौबे के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया पोक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

## पति-पत्नी मे नोक झोक में पति ने किया आत्महत्या

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के डुमरी (रेवाडीह) निवासी अर्जुन सिंह के 35 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार सिंह ने सोमवार के रात्रि मे आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना रात्रि करीब 11 बजे की है। मृतक के पत्नी शीला देवी ने बताया की खाना पीना खाने के बाद अपने कमरे मे सोने चले गये। इसके तत्पश्चात पत्नी ने खाना लेकर रूम मे गई तो पत्नी के मारपीट करने लगा और बोला की तुम बाहर जाने के बोला और भयभीत होकर पत्नी रूम से बाहर निकल गई। मृतक मनोज ने कमरा बंद करके दुपट्टा से फाँसी लगाकर अपनी जान दे दिया। मृतक के पत्नी ने देखा कि रूम बंद है रोने चिल्लानें लगी और सभी घर की परिवार की बताया। जब लोगों एकित्र हुए और देखा की फन्दे से झूल रहा है। अनान फानन मे शव उतार दिया और तत्काल नौड़ीहा बाजार पुलिस की सूचना दिया गया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव की अपने कब्ज़ा लिया और अपने साथ थाने मे लाया गया और सुबह मे अत्यंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया गया । मृतक भाई राहुल कुमार सिंह पटेल ने बताया कि मृतक की पत्नी शीला देवी की किसी के साथ अफेयर थी इसीलिए पति पत्नी के बीच वाद विवाद विगत कई दिनों से चल रहा था। समाचार लिखें जाने तक परिजन के थाने मे लिखित आवेदन नहीं दिया गया।

# रा0 प्रा0 विद्यालय बेलाबार में रसोईया का हुआ चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक केतार के पत्र के आलोक में मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में रसोईया सह सहायिका को लेकर विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक की एक बैठक आहूत की गई। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी श्याम किशोर सिंह एवं रमेश रजक उपस्थित रहे। जिसमें सर्व समिति से सवीना बीवी पति गुलमोहम्मद अंसारी और समीदा बीवी पति मुमताज अंसारी का चयन किया गया। ज्ञात हो की पूर्व की एक रसोइया वृद्धावस्था होने के कारण कार्य में सक्षम नहीं रह रही थी वहीं दूसरी रसोईया काफी दिनों से गम्भीर बीमारी से ग्रसित थी। जिसे लेकर चयन की प्रक्रिया की गई। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुकमुदिन अंसारी, प्रधान अध्यापक राजेश्वर रजक, शिक्षक असीम अंसारी, मौलाना मुजफ्फर हुसैन, अनिल सिंह, फिरोज अंसारी, गीता देवी, सलमा बीवी, नजमा बीवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## किसानों ने शुरू की खेती व किसानी का काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में किसान धान की खेती के लिए तैयारी शुरू कर दिए हैं आद्रा नक्षत्र किसानों को धान का बीज करने का उपयुक्त समय माना जाता है हालांकि अभी तक पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं हो सकी है फिर भी किसान वैकल्पिक व्यवस्था कर अपने डीजल, पंप, सबमर्सिबल इत्यादि का उपयोग कर खेत की जुताई कर धान का बिहन अर्थात बिचड़े खेत में डाल कर खेती की शुरुआत कर दिए। हालांकि जिन किसानों के पास सिंचाई का वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है वे लोग अब भी प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर हैं एवम पर्याप्त मात्रा में बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उनका भी धान का बीज समय पर हो सके। कजरात नावाडीह के किसान रामाधार प्रजापति,बलराम यादव, सुनील प्रजापति, हरिराम यादव, सीताराम मेहता आदि ने बताया कि आद्रा नक्षत्र 22 जून को शुरु हुई थी जो 6 जुलाई 2024 को समाप्त हो रही है। किसानों को आद्रा नक्षत्र में ही बीहन करना बेहतर माना जाता है।किसानों ने बताया की धान, मक्का, अरहर आदि का बीज पहले किसानों को समय पर सब्सिडी में मिल जाता था जिससे किसानों को खेती करने में काफ़ी सहयोग मिल जाता था लेकिन बिगत दो तीन वर्षो से समय पर विभाग द्वारा बीज नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण किसान महंगे दर पर खाद व बीज ख़रीद रहे हैं वो भी अच्छे किस्म का नहीं।उत्तर कोयल मुख्य सिंचाई नहर में अल्प मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद नहर के किनारे स्थित गांव सोनवर्षा, लोटनिया, ककोरिया, एकौनी आदि के कई किसान नहर से मोटर के सहारे धान का बिचड़ा कर रहे हैं।

## वन विभाग में कार्यरत गृह रक्षक चालक अजगर का हुआ शिकार, अस्पताल में भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अजगर सांप का शिकार हुए बक्सीडीपा वन विभाग में कार्यरत गृह रक्षक कर्मी सदर अस्पताल में इलाजरत। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित संचालित वन विभाग द्वारा नर्सरी व उप कार्यालय में चालक पद पर कार्यरत गृह रक्षक कर्मी छेदी खेरवार अजगर सांप का शिकार हो स्वास्थ्य स्थिति गड़बड़ाया। चालक की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के निगरानी में इलाज चल रहा है। और स्वास्थ्य स्थिति स्थिर बताया जा रहा है। वही गृह रक्षक की पहचान बक्सीडीपा निवासी स्वर्गीय मंगना खेरवार के 51 वर्षीय पुत्र छेदी खेरवार के रूप में हुई है। बताया जाता है की छेदी खेरवार के घर के समीप ही एक अजगर मिला था। जिसे जंगल में सुरक्षित छोड़ने को लेकर छेदी खेरवार अजगर को साथ लेकर जंगल की ओर जा रहा था। तभी अजगर ने उसे काट लिया। जिसके बाद अन्य वन कर्मियों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय/झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालक विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन समिति की हुई बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय/झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालक विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन समिति की बैठक की गई। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा छः में नामांकन एवं अन्य कक्षाओं में नामांकन हेतु माननीय सांसद प्रतिनिधि चतरा लोकसभा क्षेत्र, माननीय विधायक प्रतिनिधि चतरा/सिमरिया विधानसभा क्षेत्र, सभी वार्डेन की उपस्थिति में बैठक की गई। बैठक में अल्पसंख्यक श्रेणी को छोड़कर नामांकन पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं अल्पसंख्यक श्रेणी के छात्राओं के नामांकन हेतु उप विकास आयुक्त चतरा की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक श्रेणी के धर्मगुरूओं के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा इस श्रेणी में नामांकन हो इसके लिए प्रेरित करने की बात कही। उपायुक्त द्वारा बारी बारी से विद्यालयों की आवश्यकताओं से संबंधित जानकारी ली गई। विद्यालयों के कमियों से संबंधित प्रस्ताव जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रातापपुर की वार्डेन द्वारा विद्यालय में पेयजल की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया।

## सड़क पर अपराधियों ने बाइक सवार को रुकने का किया इशारा, गाड़ी नहीं रोकने पर सास-दामाद को मारी गोली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मनातू थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक सास और दामाद को गोली मार दी है. हालांकि की दोनों की हालत खतरे से बाहर है। दोनों इलाज के लिए स्थानीय मनातू अस्पताल में भर्ती करवाया गया जिसके बाद दोनों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के चुरादोहर से आशीष कुमार नाम के युवक अपने सास के दांत का इलाज कराने मनातू जा रहा था। आशीष कुमार उसकी पत्नी और उसकी सास संगीता देवी बाइक पर बैठे हुए थे. आशीष कुमार बाइक से जैसे ही मनातू थाना क्षेत्र के रहेया के इलाके में पहुंचे थे, बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। बाइक नहीं रोकने पर अपराधियों ने चार राउंड फायरिंग की। इस घटना में आशीष कुमार के कमर जबकि उनकी सास संगीता देवी को बांह में गोली लगी है। पाटन इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है, पूरे मामले में छानबीन की जा रही है। आशीष कुमार पांकी थाना क्षेत्र के पथरा गांव का रहने वाले हैं और दो वर्ष पहले उनकी शादी पाटन थाना क्षेत्र के चुरादोहर में हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दोनों को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

# महुआ के पेड़ पर फांसी लगाकर 50 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

### मृतक अपने पीछे 4 पुत्र और 7 पुत्री को छोड़ गया है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावा बाजार थाना क्षेत्र के निवासी रऊफ अंसारी के पुत्र नजबुदीन उर्फ महंगू उम्र 50 वर्ष मानसिक तनाव में आकर अपने घर से आधा किलोमीटर दूर महुआ के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी नावा बाजार थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर महुआ के पेड़ से शव को नीचे उतारकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बारे में मृतक के छोटा भाई कुतुबदीन अंसारी ने बताया की नजबुदीन कई महीनो से कर्ज के बोझ में दबा हुआ था। लोग बकाया पैसा के लिए लगातार उसके पास तगादा कर रहे थे। इसी बीच सोमवार की सुबह करीब 10 से वह अपने घर से लापता हो गया। इसके बाद मंगलवार की सुबह पता चला कि नजबुदीन अंसारी महुआ के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक अपने पीछे चार पुत्र और सात पुत्री को छोड़ गया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## कृषि पदाधिकारी ने की फसल सुरक्षा केंद्र की जांच, निकली एक्सपायर दवाइयां



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निखत परवीन ने मंगलवार को सिमरिया चौक स्थित खाद बीज दुकान फसल सुरक्षा की जांच की। जांच में दुकान से एक्सपायरी दवाइयां मिलीं जिसे कृषि पदाधिकारी ने जप्त कर लिया। जांच के दौरान सीओ धर्मेंद्र दुबे और सिमरिया पुलिस के जवान उपस्थित थे। कृषि पदाधिकारी ने चौक के दूकान और गोदाम दोनों का निरीक्षण किया। कृषि पदाधिकारी ने दुकान के खाद,बीज और दवाइयों के लाइसेंस की जांच की। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यह जांच स्वाभाविक प्रक्रिया है। खरीफ फसल का मौसम प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में किसानों के साथ ठगी ना हो। उन्हें प्रमाणिक खाद बीज और दवाइयां मिले जिसके लिए दुकानों की जांच की जा रही है। यह जांच पड़ताल लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ठगी करने वाले खाद बीज दुकानदारों पर कार्रवाई होगी साथ ही नियमानुसार दुकान नहीं चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के इस कार्रवाई से खाद बीज दुकानदारों में हड़कंप मच गया। चौक के कई दुकानदार दुकान बंद कर फरार है।

## संक्षिप्त खबरें

### निरीक्षण का कार्य प्रतिदिन जारी रहेगा : एसडीएम

**रांची ।** अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची, उत्कर्ष कुमार द्वारा बीएल ओ द्वारा घर-घर (॥2॥) सत्यापन तथा पर्यवेक्षकों द्वारा स्टीकर चस्पा किये जाने संबंधित स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया।

**प्रपत्रों की जानकारी ली गयी:** मतदान केन्द्र संख्या-143, 144, 145, 146, 147, 148, 149, 151, 280, 281, 282, 283, 284, 265, 285 287 के बी0 एल0 ओ0 से अभी तक प्राप्त किये गये प्रपत्रों की जानकारी ली गयी।

**स्पष्टीकरण की मांग की गयी:** मतदान केन्द्र संख्या-281 के बी एलओ प्रवीण कुमार चौधरी तथा 286 के बीएलओ शशिबाला कच्छप का कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने के कारण तथा मतदान केन्द्र सं-147 के बीएलओ मेधा मिंज के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गयी। निरीक्षण का कार्य प्रतिदिन जारी रहेगा।

### झारखंड में भारी बारिश का येलो अलर्ट

**रांची :** राज्य में मंगलवार को जोरदार बारिश हुई। कई जगहों पर सोमवार की देर रात से ही बारिश हो रही है। राज्य में आठ जुलाई तक बारिश की संभावना है। चार जुलाई तक कई इलाकों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। तीन और चार जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, गुमला एवं रामगढ़ जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में बताया है कि धनबाद और जामताड़ा जिले के कुछ भागों में अगले दो से तीन घंटे में गरज के

## सदन से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा हटाने से आदिवासी समाज दुखी : डॉ. महुआ माजी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी ने राज्यसभा सदन पर झारखंड के मुद्दे से पूरे सदन को गर्मा दिया । उन्होंने राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ , उप सभापति हरिवंश के समक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण प्रस्ताव पर धन्यवाद देते हुए डॉक्टर महुआ मांजी ने केंद्र सरकार पर एक के बाद एक प्रहार किया । डॉक्टर महुआ मांजी ने सर्वप्रथम कहा कि जिस तरह से सदन में हमरे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को उनके स्थान से हटकर सदन के पीछे की तरफ रख दिया गया है, ठीक इसी तरह से हमारे झारखंड के भगवान कहे जाने वाले वीर सपूत भगवान बिरसा मुंडा की भी प्रतिमा को उनके स्थान से हटकर सदन के पीछे की तरफ रख दिया है जिससे हमारे आदिवासी समाज काफी दुखित हैं। हमारा आदिवासी समाज को उस दिन भी दुखित था जब हमारे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। महुआ मांजी ने आगे कहा कि जिस तरह से अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने वाले भगवान बिरसा मुंडा को रांची जेल में बंद कर दिया गया था , ठीक उसी तरह से हमारे नेता, हमारे मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को भी रांची जेल में बंद कर दिया गया था।

वहां यातनाएं दी गई , प्रताड़ना दिया गया , उनके परिवार परेशान रहे, उन्हें लोकसभा के चुनाव से भी दूर रखा गया , एक निर्दोष मुख्यमंत्री को पांच महीने जेल में बंद रखा गया, जबकि झारखंड हाई कोर्ट ने स्पष्ट लिखकर दिया है की इडी के पास कोई सबूत नहीं है। महुआ माजी ने आगे कहा कि ठीक इसी तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जेल में बंद कर दिया गया, यह बदले की राजनीति को खत्म करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि हमारा झारखंड प्रदेश से कोयले पर रॉयल्टी जो है 1लाख 36 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार के पास है, वे रुपए हमारे राज्य सरकार को नहीं दे रहें हैं , जिस कारण से महिला तस्करी, शिक्षा, रोजगार जैसे विकास कार्य नहीं हो पा रहा हैं । हमारे तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरना धर्म कोड ,1932 आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से तो पारित करा दिया , लेकिन अभी तक केंद्र सरकार द्वारा इस पर कोई भी पहल नहीं की गई है । इतना ही नहीं हमारे झारखंड प्रदेश में बीफ के नाम पर अल्पसंख्यक के साथ अत्याचार किए गए, गाडियां जलाई गई, मॉबलिंचिंग किया गया , हत्या हुई, उसके घर जलाई गई। लेकिन देश आश्चर्यचकित हैं जब भाजपा द्वारा बीफ कंपनी से चंदा लेने की बात इलेक्ट्रोल बांड में साबित होती है। साथ ही पुरानी पेंशन जिस तरह से झारखंड में लागू की गई है बाकी राज्यों में भी केंद्र सरकार पुरानी पेंशन लागू करें इसके अलावा बिजली और नीट, अबुआ आवास से संबंधित मुद्दों को लेकर भी सदन में सवाल उठाई है।

## हिंदू कभी हिंसक नहीं हो सकता : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। वे आज गिरिडीह स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि कल लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुओं के संबंध में असंवैधानिक , घोर निंदनीय बयान दिया है।कहा कि राहुल गांधी को सड़क और सदन में अंतर की समझ ही नही है। वे 2004 से सदन के सदस्य हैं इसलिए ये उनकी नादानी नही बल्कि एक सोची समझी साजिश है।एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से असंसदीय आचरण की अपेक्षा जनता नहीं करती है । बहुत कुछ देख सुनकर भी सीखा जाता है।लेकिन कांग्रेस पार्टी अपने आदत से लाचार है। लोकतंत्र की हत्या की साजिश करना, संसदीय मर्यादाओं को चोट करना इनके चाल चरित्र का हिस्सा है। राहुल गांधी ने पहले भी अपनी ही सरकार के कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़कर अपनी बुद्धि का परिचय दे दिया है। कांग्रेस के पी चिदंबरम ,सुशील कुमार शिंदे जैसे नेता भी हिंदू को आतंकवादी बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू कभी हिंसक नही हो सकता है। हिंदू तो धर्म की जय हो,अधर्म का नाश हो,प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो की बात करता है। हर धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों में यह नारा गूंजता है। यह हमारा सांस्कृतिक मूल मंत्र है।कहा कि ऐसे हिंदू को हिंसक,झूठा कहना देश और दुनिया के करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। इसलिए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

## सन्मार्गम फाउंडेशन ने बच्चों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सन्मार्गम फाऊंडेशन के द्वारा मुन्ना पतरा,चकला,प्रखंड ओरमांझी में जरूरतमंद 50 बच्चों के बीच कैडबरी टॉफी, मैगी, बिस्कुट,नमकीन का फैमिली पैक वितरण किया गया।इस मौके पर संस्था के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि हमारी संस्था निरंतर जरूरतमंद बच्चों के बीच इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे कि जरूरतमंद बच्चों में अपनापन का एहसास कराया जा सके।टॉफी प्राप्त कर बच्चों के चेहरे पर काफी खुशी देखी गई।इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष रोशन कुमार के अलावा कृष्णा मोर्चा रांची जिला के अध्यक्ष रामधन करमाली तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एंटी-ट्रैफिकिंग नेटवर्क ने सुरक्षित प्रवासन पर हितधारकों के साथ एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 13 से अधिक जिलों और 130 गांवों में काम करने वाले 13 संगठनों के सामूहिक प्रयास, झारखंड एंटी-ट्रैफिकिंग नेटवर्क (छ्व्ञ्ह) ने सुरक्षित प्रवासन पर हितधारकों के साथ एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया।

जागो फाउंडेशन-जेएटीएन के बैद्यनाथ ने जेएटीएन के काम के बारे में एक परिचय देते हुए कहा कि हम प्रवासन को रोक नहीं सकते हैं लेकिन जो लोग प्रवास करना चाहते हैं उन्हें समर्थन और प्रणालीगत सहायता प्रदान कर सकते हैं। निशिमिता ताह स्पार्क-जेएटीएन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेटवर्क के काम का कार्यकारी




सारांश प्रस्तुत किया। बीएटी की पूजा कंडुला, अंशू केरकेट्टा, पिंकी कुमारी महिला थाना, वरिष्ठ पत्रकार मधुकरष डॉ किरण,अरुणा कुमारी सीडब्ल्यूसी , श्रावणी, अंशू माला सीडब्ल्यूसी, डॉ. नसरीन आईसीआरडब्ल्यू ने विचार रखे। इस वर्कशॉप मे एच आई फातिमी स्पार्क संस्था के सचिव, मोहम्मद शमशाद, मुर्तजा फिरदोस, निशिमिता तह, राजन कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

## डेली मार्केट संघ मिला चैम्बर के पदाधिकारियों से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** डेली मार्केट संघ के पदाधिकारियों ने आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मिलकर डेली मार्केट में पर्याप्त नागरिक सुविधाओं की जरूरतों को उपलब्ध कराने में सहयोग का आग्रह किया। डेली मार्केट में जल जमाव, साफ सफाई सहित अन्य नागरिक सुविधाओं पर चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि डेली मार्केट थाना के समीप पूर्व में अवस्थित पार्किंग को हटा दिये जाने से कठिनाई हो रही है। पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण दुकानदार और ग्राहक सडकों पर गाडियां लगाने को विवश होते हैं, जिस कारण रोड में सदैव जाम की स्थिति बनी रहती है। चर्चाओं के क्रम में डेली मार्केट में स्थित फल और सब्जी की थोक मंडी को शहर से दूर स्थानांतरित करने की आवश्यकता भी बताई गई। डेली मार्केट के दुकानदारों की समस्या को वास्तविक समझते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने इस मामले में जल्द ही नगर प्रशासक से मिलकर उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि फल और सब्जी की थोक मंडी होने के कारण डेली मार्केट में शहरवासियों का आवागमन अधिक होता है, जरूरी है कि निगम द्वारा मंडी की साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाय। उन्होंने डेली मार्केट के दुकानदारों की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। बैठक में डेली मार्केट संघ की ओर से जावेद, डब्बू, फिरोज (सदर साहब) के अलावा चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, सुनिल सरावगी उपस्थित थे।

## हेमंत आवास पर आज बुलाई गई सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** एक बार झारखंड की राजनीति में उथल पुथल होने की सुगबुगाहट हो रही है। इस को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन तीन जुलाई दिन बुधवार को सत्ताधारी दलों की एक बैठक बुलाई है। जिसमें सभी विधायक, सांसद और पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। सत्ताधारी दलों के नेता, विधायक, सांसद और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एक साथ कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर बैठक करेंगे। हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद पहली बैठक है। इस बैठक में तीनों सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद , भाकपा माले के विधायक शामिल होने



की उम्मीद है। इस बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होगी। 31 जनवरी 24 को गिरफ्तारी से पूर्व हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बैठक हुई थी, अब छह माह बाद फिर बैठक होने जा रही है। इस बैठक में कांग्रेस के आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से मंत्री का एक पद रिक्त है, इसलिए उनकी जगह डॉ इरफान अंसारी के नाम पर मुहर लगने की संभावना है। इसी मसले को लेकर कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी रांची आ रहे हैं। फिलहाल मंत्री बनने वाले की सूची में लातेहार से झामुमो विधायक बैधनाथ राम, कांग्रेस से जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी का नाम रेस में है। वहीं अभी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बने रहेंगे और विधानसभा चुनाव का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

## बैंक आफ़ इंडिया और रांची अंचल के क्लस्टर मीट का हुआ भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक आफ़ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के राँची अंचल द्वारा ङ्कद्बस्र मे क्लस्टर मीट का आयोजन किय गया, जिसमें राँची शहर और आस-पास के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत लगभग 350 स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।इस खास अवसर पर फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ़ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड जी नागेश्वर, महासचिव कॉमरेड नीलेश पवार और चेयरमैन कॉमरेड संजय दास ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित




किया।कॉम. जी नागेश्वर ने बैंकिंग जगत से जुड़ी वर्तमान गतिविधियों पर विस्तार से सभी को अवगत कराया। अध्यक्ष कॉम. नीलेश पवार ने कहा कि फेडरेशन राष्ट्रीय स्तर पर अधिकारियों से जुड़े मुद्दे को गंभीरतापूर्वक उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा। चैयरमैन कॉम. संजय दास ने एकजुट और मजबूत रहने का संदेश दिया। झारखंड इकाई के महासचिव सुनील लकड़ा ने कॉम. नागेश्वर और कॉम. निलेश पवार को अध्यक्ष और महासचिव का पद ग्रहण करने के बाद पहली बार भगवान बिरसा की भूमि झारखंड आगमन पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। मौके पर एआईबीओसी के झारखंड राज्य के सचिव कॉम. प्रकाश उराँव, बिहार इकाई के महसचिव गणेश पांडेय, झारखंड इकाई के अध्यक्ष अमित कुमार, उपाध्यक्ष कॉम. बेंजामिन मुर्मू, उप महासचिव कॉम. मनीष नारायण समेत समस्त कार्यकारिणी के सदस्य और राँची शहर और आस-पास के शाखाओं से बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय स्कॉलरशिप योजना के लिए वेबिनार तीन को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय स्कॉलरशिप स्कीम के लिए आठ जुलाई तक आवेदन मंगाए हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आदिवासी कल्याण विभाग तीन जुलाई को दोपहर एक बजे से दो बजे तक वेबिनार का आयोजन करेगा। इस संबंध में आदिवासी कल्याण के उप निदेशक ने मंगलवार को सूचना जारी करते हुए कहा है कि इच्छुक स्टूडेंट्स इस वेबिनार (meet.google.com/gii-mfiv-ymf) से जुडें। स्कॉलरशिप का लाभ लेने के संबंध में इसके जरिए भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

**क्या है मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय स्कॉलरशिप योजना:** आदिवासी कल्याण विभाग एसटी, एससी, अल्पसंख्यक वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए विदेश में उच्च शिक्षा के लिए जयपाल सिंह मुंडा




पारदेशीय स्कॉलरशिप योजना का लाभ देता है। इसके जरिए टैलेंटेड छात्र-छात्राओं को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कॉलेजों में पसंदीदा सब्जेक्ट में पीजी करने का मौका मिलता है। पिछले दिनों इसके लिए विज्ञापन जारी करते वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 25 स्टूडेंट्स को लाभ दिए जाने की सूचना दी गई है। पूर्व में इसके लिए 31 मई और फिर 26 जून तक के लिए समय सीमा बढ़ाई गयी थी। अब इसे आठ जुलाई किया गया है।

## गागी में जमीन बचाव सघर्ष समिति का किया गठन

**रांची।** कांके गागी मौजा के पासी में ग्राम में मंगवार को समस्त ग्रामीणों ने बैठक किया गया। इस दौरान सभी ग्रामीणों कि उपस्थिति में जमीन बचाव सघर्ष समिति (गागी कांके रांची) का गठन किया। इस दौरान ग्रामीणों की उपस्थिति में कमिटी का गठन का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष दीपक महतो, उपाध्यक्ष अकबर अंसारी, बलराम महतो, आरती देवी, विजय मुण्डा, हिरामती ठाकुर, कैलाश मुण्डा, प्रचार मंत्री रंजीत कुमार महतो, सह प्रचार मंत्री संतेन्द्र प्रजापति, प्रकाश साहू, बसारत अंसारी, दीपक ठाकुर संदीप महतो को जिम्मेवारी दी गई है।

## सीआईडी ने साइबर अपराधी को हैदराबाद से किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग(सीआईडी) ने झारखंड सहित 18 राज्यों में ठगी करने वाले साइबर अपराधी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम मकिरेड्डी सुजीत कुमार है। इसके पास से मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। इसके खिलाफ झारखंड सहित 18 राज्यों में साइबर ठगी के 94 मामले दर्ज हैं । इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, केरला, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब ,राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश ,पश्चिम बंगाल छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और झारखंड शामिल है। झारखंड




सीआईडी ने सुजीत कुमार को रांची साइबर सेल थाना में दर्ज 1.40 करोड़ रुपये की ठगी मामले में गिरफ्तार किया है। सीआईडी के साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि 19 मई को साइबर थाना में एक व्यक्ति ने दर्ज कराये शिकायत में कहा कि फेसबुक पर रील देखने के समय उसको एक लिंक दिखा। इसमें ट्रेडिंग के माध्यम से मुनाफे कमाने की बात लिखी थी।

उस लिंक पर क्लिक करने पर एक एप्लीकेशन (अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट) उसके फोन पर डाउनलोड हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने उस ऐप को रजिस्टर किया। इसके बाद कंपनी के कस्टमर केयर अधिकारी ने उससे व्हाट्सएप पर संपर्क किया और अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसा डालकर निवेश करने का प्रलोभन दिया। अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसा डालने के बाद रजिस्टर्ड एप पर फेक प्रॉफिट दिख रहा था। हालांकि इस वो कभी रिडीम नहीं कर पाये । शिकायतकर्ता ने बताया कि इस तरह साइबर अपराधियों ने उनके अकाउंट से 1.40 करोड़ ट्रांसफर करवाकर ठगी किया।

## एक सरकारी कुआं, जो आज अपना अस्तित्व तलाश रहा

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 11 अंतर्गत कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला स्थित एक सरकारी कुआं है , जो आज अपनी अस्तित्व की तलाश कर रही है। यह कुआं एक समय में यहां के रहने वाले लोगों के लिए पीने का पानी सहित अन्य जरूरतों की पूर्ति किया करता था, लेकिन पिछले करीब डेढ़ सालों में आस पास के लोगों ने इस कुआं में अपने घरों का कचरा डाल डालकर उस कुएं को पूरी भर दिया गया है । जब गर्मी के दिनों में पानी की समस्या काफी बढ़ जाती थी तो यही कुआं प्यास बुझती थी। अभी इस मुहल्ले निगम के द्वारा मीनी एचवाईडीटी बोरिंग सहित टंकी लगाई गई है, घर-घर में भी नल की व्यवस्था है, लेकिन समय पर नल से पानी नहीं आने से और बिजली नहीं रहने से बोरिंग भी काम नहीं करती है। ऐसे विषम परिस्थिति में कुआं ही एक मात्र विकल्प हुआ करता था । लेकिन किसी नासमझी के कारण कचरा भर कर इसकी अस्तित्व को ही मिटा दिया जा रहा है , यह कुआं सरकारी कुआं के



नाम से प्रसिद्ध था ।

बताया जाता है कि रांची नगर निगम तब अविभाजित बिहार के समय रांची नगर निगम की स्थापना 15 सितंबर 1979 को तत्कालीन रांची नगर पालिका, डोरंडा नगर पालिका और रांची डोरंडा संयुक्त जल बोर्ड को मिलाकर की गई थी। यह पूर्ववर्ती बिहार ( पटना नगर निगम के बाद) में स्थापित होने वाला दूसरा और झारखंड राज्य में पहला नगर निगम था। 1982 में कुरैशी मुहल्ला सरकारी कुआं का निर्माण किया गया था।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा यह गंभीर मामला है कुआं से पानी मिलता है , उसी को कचरा डालकर भर रहा है तो यह गंभीर मामला है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## रांची स्टेशन पर आरपीएफ ने 18 शराब की बोतलें बरामद की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** आरपीएफ पोस्ट रांची ने स्टेशन चेकिंग के दौरान देखा कि प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर एक लावारिस काले रंग का पिट्ठू बैग पड़ा हुआ था। बैग के वास्तविक मालिक/दावाकर्ता का पता लगाने के लिए लावारिस बैग के बारे में आस-पास के यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई दावेदार नहीं मिला। उसके बाद बैग की जाँच की गई और पाया गया कि बैग में सिग्नेचर व्हिस्की की 18 बोतलें थीं,जिसका अनुमानित मूल्य 9300/ रुपये पाया गया। बाद मे उपनिरीक्षक सोहनलाल ने मौके पर मौजूद गवाहों की मौजूदगी में उचित जब्ती सूची के



साथ उपरोक्त शराब जब्त की। रेलवे में प्रतिबंधित सामान ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बाद जब्त किए गए प्रतिबंधित सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया गया।

## पिपरवार मे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रबंधन ने स्कूलों को दिया स्वच्छता सामग्री



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वछता अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्कूलों में स्वच्छता सामग्री का वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसी पिपरवार और बचरा हाई स्कूल में फलदार पौधा का वितरण किया गया।वही जुट बैग और डस्टबीन का भी वितरण किया गया।पिपरवार एरिया के कार्मिक प्रबधंक उज्जवल कुमार ने उक्त दोनो स्कुल जाकर स्कूल के शिक्षक और बच्चों के बीच स्वच्छता सामानों का वितरण कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस संबंध में कार्मिक प्रबंधक उज्जवल कुमार ने बताया कि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है,जिसके तहत प्रबंधन के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी के तहत प्रबंधन के निर्देश पर क्षेत्र के स्कूलों में स्वच्छता सामग्री का वितरण किया जा रहा है,साथ ही स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के लोग जागरुक भी हो रहे हैं और अपने घर व आसपास के इलाकों की साफ सफाई कर स्वच्छता को बढ़ावा दे रहे हैं।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने की अपील की है।इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## डीएवी बचरा में पेंटिंग प्रतियोगिता के सफल बच्चों को किया गया सम्मानित




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा कराये गये पेंटिंग प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को सीसीएल द्वारा पुरस्कृत किया गया।जानकारी के अनुसार मंगलवार को स्कुल प्रागंण मे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चो को सम्मानित किया गया।स्कुल की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी सहित शिक्षको ने सभी बच्चो को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।स्कूल की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी ने कहा बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था।इस प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा तृतीय से लेकर बारहवीं तक के कुल 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया था,जिसमें प्रत्येक कक्षा के पांच बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के प्रतियोगिताओं में भी बच्चों को बढ़-चढ़कर भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।इससे बच्चों का भी उत्साह बढ़ता है।इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी,वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,एसके पाण्डेय, एपी द्विवेदी सहित कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## बड़ाम पंचायतों की रैयतों की जमीन पर घेराबंदी करने से ग्रामीण आक्रोश में



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज 2 जुलाई बड़ाम में ग्रामीण रैयतों की खेती बारी जमीन पर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने घेराबंदी कर आने जाने का रास्ता बंद कर दिया जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखा इस संदर्भ में आज बड़ाम पंचायत मुखिया कृष्णा लोहरा की अध्यक्षता में बड़ाम मैदान पर सुबह बैठक रखा गया जिसके मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के सभी पदाधिकारियों को लिखित आवेदन दिया जायेगा, नही सुनने पर उग्र आंदोलन होगा। क्योंकि जल और जंगल पर पहले ग्रामीणों का हक और अधिकार है,जबकि आने जाने का रास्ता को बंद करना गैरकानूनी है। लेकिन रेंजर और डीएफओ, विधायक, सांसद की मिलीभगत से पार्क बनाने की योजना चल रही है।इसलिए इसका वैकल्पिक व्यवस्था ग्रामीणों को देना होगा। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा 7 दिनों के अंदर आने जाने का रास्ता नही मिलने पर उग्र आंदोलन होगा। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिरतुस तिर्की, उपमुखिया सुखराम लकड़ा,जलनाथ चौधरी, कृष्ण कन्हैया केसरी,राजकिशोर महतो,अनिता तिर्की, सुषमा मुंडा,कल्याण टोप्पो, राजेश लिंडा, धीरज नाग,डेविड लकड़ा,महादेव टोप्पो,बैजू महतो,सुकरा गाड़ी, सुरेश महतो,अनिता तिर्की,कृष्ण टोप्पो, फ्रांसिस तिर्की,अर्जुन बिंहा, वर्षा गाड़ी,मनोज करमाली,संदीप कच्छप,सुजाता मुंडा,सवाना टोप्पो आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बुढ़मू थाना क्षेत्र से फरार वारंटी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना कांड सं0 -24/23 में फरार चल रहे अभियुक्त इश्तियाक अंसारी, पिता नउम अंसारी, ग्राम मतवे करंज टोली, थाना बुढ़मू, जिला रांची के घर न्यायालय के आदेशअनुसार ढोल नगाड़ा बजवाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया गया। अभियुक्त इश्तियाक अंसारी विगत 1 वर्षों से गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा है पुलिस लगातार गिरफ्तारी हेतु छापामारी कर रही है, इश्तियाक अंसारी के विरुद्ध उनकी पत्नी के द्वारा मारपीट करने और दहेज की मांग कर पड़ताड़ीत करने का आरोप में बुढ़मू थाना में कांड दर्ज करवाया गया है। बुढ़मू थाना एसआई संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में और उनके सिपाही अरविंद कुमार , और पुलिस जवान द्वारा छापामारी किया गया।



# स्कूल बस की मांग को लेकर स्कूली बच्चों ने किया संगम विहार का घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा इलाके से पढ़ाई करने डीएवी खलारी और उर्स लाईन कान्वेंट स्कूल खलारी जाने वाले स्कूली बच्चों ने स्कूल बस की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह जमकर हंगामा किया।जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह जब सभी बच्चे बचरा चार नंबर चौक स्कूल जाने के लिए पहुंचे,तब एकमात्र स्कूल बस के चालक ने बच्चों को बस से स्कूल ले जाने से इनकार कर दिया। चालक का कहना था कि बस में बच्चों की अत्यधिक संख्या हो जाने से काफी परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।इसके बाद बच्चों ने हंगामा शुरू कर दिया।इस बीच सभी बच्चे सीसीएल अधिकारियों की कॉलोनी संगम विहार पहुंचे, जहां संगम विहार का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया।इस संबंध मे स्कूली बच्चो ने कहा कि बचरा मे रहने वाले कई सीसीएल कर्मी एंव गैर कर्मियों के बच्चे डीएवी खलारी और उर्स लाईन कॉन्वेंट स्कूल मे पढ़ाई करते है।सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा पूर्व में एक बस उपलब्ध कराया गया है,जिसमें दोनों स्कूल के बच्चे एक ही बस से पढ़ाई के लिए खलारी जाते हैं।पिछले तीन-चार महीने से बस में बच्चों की संख्या अधिक हो गई है।करीब 52 सीट वाले बस से लगभग 125 बच्चो के ले जाया जाता है,जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।वही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।वही समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन देकर अतिरिक्त बस की व्यवस्था कराने की मांग की गई थी लेकिन प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया।हद तो तब हो गई जब मंगलवार की सुबह सभी बच्चे तैयार होकर बस पकड़ने चार नंबर पहुंचे, जहां बस चालक द्वारा बच्चों को स्कूल ले जाने से मना कर दिया गया,जिसके बाद बच्चे आक्रोशित हो गये।इधर बच्चों के अभिभावकों में भी कहा कि एक ही बस में 100 से अधिक बच्चों के स्कूल ले जाने के दौरान घटना दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और अभिभावकों की भी चिंता बनी रहती है।स्कूली बच्चों द्वारा हंगामा किये जाने की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी मौके पर पहुंचकर बच्चों और उनके अभिभावकों से बात कर उनकी समस्या सुनी।इस दौरान सीसीएल अधिकारियों ने समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।अधिकारियों ने बच्चो की सूचि जमा करने व कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अतिरिक्त बस देने का भरोसा दिया।अधिकारियों के आश्वासन के बाद बच्चे शांत हुए और सभी बच्चे अपने-अपने घर वापस लौटे।इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,ईएंडएम विभाग के शंभू शरण प्रसाद,अखिल पांडेय,सीआईएसएफ इंस्पेक्टर संतोष नेगी,सुमन तिवारी के अलावा अभिभावकों में रमेश महतो, संतोष ठाकुर,असलम आजाद,संदीप भास्कर, मोहम्मद निजाम,दीपक राणा,मोहम्मद अनवर,कुदंन सिंह,धर्मनाथ महतो,बबलु साव,गुड्डु कुमार सहित काफी संख्या में बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।



## संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में नये छात्र -छात्राओं का किया गया स्वागत



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में सत्र 2024 - 26 के लिए नामांकित ग्यारहवीं के छात्र - छात्राओं का स्वागत पुरे धूम-धाम से किया गया।मौके पर बारहवीं के छात्र - छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हूए कॉलेज की प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा कि आप विभिन्न स्कूलों से पढ़ाई पूरी कर हमारे कॉलेज में आएं ये आप और हमारे दोनों के लिए सौभाग्य कि बात हैं हमें उम्मीद हैं कि अगले दो सालों तक कॉलेज परिसर में एक आदर्श छात्र- छात्रा कि तरह अनुशासित रूप से शिक्षा ग्रहण करेंगे, हमारा भी प्रयास रहेगा कि आप को बेहतर शैक्षणिक वातावरण दें।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो, वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, विजय किसपोट्टा, उमेश प्रशाद,सुशांत चक्रवर्ती, रंजीता कुमारी, राजेंद्र इंदवार, स्वाति तिर्की,रश्मि तिर्की, सुमन तिर्की सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** ओपी अंतर्गत क्षेत्र के हर चौक चौराहों पर मंगलवार को ओपी प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें चार पहिया एवं दो पहिया वाहन चला रहे हैं चालक को सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने हेतु कहा गया साथ ही बिना हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग वाहन को जप्त किया गया है एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सभी वाहनों को सुरक्षित मुरी ओपी थाना परिसर में रखा गया है। सभी वाहनों को आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजा गया। मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार द्वारा सभी जनता से आग्रह किया है की आप जब भी वाहन लेकर निकले तो हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग करें एवं नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने के लिए ना दें,और घर से वाहन लेकर निकले तो हेलमेट जरुर पहने आपकी एक ग़लती से जान भी जा सकती है। क्योंकि रोजाना सड़क दुघर्टना में मौत की खबर देखने और सुनने को मिलती है एवं अधिकतर मौत बिना हेलमेट पहनने वालो की हुई है।



## 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजुनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एंव केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित रुडसेट संस्थान सिल्ली मे 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सिंनजेन्टा फाउन्डेशन के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर श्री शान्तनु साहु एंव संस्थान के निदेशक श्री संजित कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप जलाकर किया। अपने संबोधन मे शान्तनु साहु ने सिंनजेन्टा फाउन्डेशन के बारे जानकारी दिया तथा बताया की प्रशिक्षण के पश्चात इच्छुक लोगों को सिंनजेन्टा फाउन्डेशन की ओर से 2 महीना का इन्टर्नसीप करने का मौका मिलेगा उसके पश्चात फाउंडेशन मे जॉब करने अवसर मिलेगा। संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा की कृषि के क्षेत्र मे आगे बढ़ने के अपार संभावनाएं हैं।आधुनिक तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती कर अपने आय को दो गुणा बढ़ा सकते हैं।इस प्रशिक्षण मे लापुंग, मांडर, अनगड़ा, ओरमांझी, नामकुम, सोनाहातु, बेड़ो, बुड़मु, राहे आदि प्रखण्ड के कुल 33 महिला एंव पुरुष किसान भाग ले रहे हैं।इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो,वरीय कार्यालय सहायक दशरथ महतो,कार्यालय सहायक महेश रुहीदास, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# कोडरमा एसडीओ के व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं ने की बैठक

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा कोर्ट के अधिवक्ताओं ने कोडरमा एसडीएम की मनमानी को लेकर एक बैठक की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम ने अधिवक्ता तरूण लाल धर्मचन्द मौनका के साथ अभद्र व अमर्यादित व्यवहार करते हुए उन्हें अपने कार्यालय कक्ष से बाहर करवा दिया। अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम रिया सिंह का व्यवहार आपत्तिजनक है। बैठक में रिया सिंह, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, कोडरमा के व्यवहार व क्रियाकलाप की घोर निन्दा की गयी एवं इस अशोभनीय कार्य के लिए सख्त कदम उठाने की माँग की गई। कहा गया कि अनुमण्डल दण्डाधिकारी द्वारा कभी भी एक निश्चित समय पर अपने न्यायालय में सुनवाई नहीं किया जाता है, उनके द्वारा यदा- कदा असमय अपने कार्यालय कक्ष से ही राजतंत्र की भाँति तानाशाह बनकर न्यायालय संचालित किया जाता है जो कि न्यायोचित नहीं है। अनुमण्डल दण्डाधिकारी, कोडरमा के सभी न्यायिक कार्यों से अपने आप को अनिश्चितकाल के लिए अलग रखने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा जबकि संचालन सचिव मनीष कुमार ने किया।

# किया जा रहा लंबित पेंशन का भुगतान : नीतीश

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए कहा कि लंबित पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। भुगतान आवंटन के अभाव में माह अप्रैल 2024 से सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पेंशन योजनाओं का भुगतान लंबित था। आवंटन प्राप्त होने के पश्चात विभिन्न पेंशन योजनाओं में इस प्रकार भुगतान किया जा रहा है। इसके तहत राज्य संचालित पेंशन योजनाएँ अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जन जाति पेंशन योजना और स्वामी विवेकानन्द निश्क्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना पेंशन के लिए 03 माह (अप्रैल से जून) का भुगतान किया जा रहा है। वहीं केन्द्र प्रायोजित पेंशन योजनाएँ अंतर्गत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के लिए 03 माह (अप्रैल से जून) का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी पेंशन योजनाओं की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके आधार से लिंक बैंक खाते में भेजी जा रही है। **लाभुक रहें सावधान :** सीएसपी/ बैंक से निकासी करते समय लाभुक सतर्क रहें एवं निकासी के पश्चात अपने बैंक पासबुक को अपडेट आवश्य करायें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर संबंधित प्रखण्ड/अंचल या जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## माधव कुमार महतो भागीदारी पार्टी का प्रदेश महासचिव मनोनीत



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर निवासी माधव कुमार महतो को भागीदारी पार्टी का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। इनका मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रजापति ने किया। साथ ही प्रदेश महासचिव को निर्देश दिया की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय एवं राष्ट्रीय कार्यालय को सूचित करें। मनोनयन पत्र जारी कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आशा व्यक्त किया कि इनके नेतृत्व में भागीदारी पार्टी का जनाधार बढ़ेगा एवं पार्टी मजबूत होगा।

## सेवानिवृत्ति पर सविमं करकट्टा की शिक्षिका संध्या सिन्हा को दी गई विदाई

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में सेवानिवृत्त आचार्या संध्या सिन्हा को विदायी दी गयी. विद्यालय के सचिव संजीवरंजन सिंह, प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह व सेवानिवृत्त आचार्या संध्या सिन्हा ने विदायी समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. विद्यार्थियों ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया.शिक्षकों द्वारा पुष्प गुच्छ व छात्र-छात्राओं द्वारा उपहार प्रदान किया गया. विद्यालय के आचार्यो ने सामूहिक रूप से शाल ओढ़ाकर आचार्या संध्या सिन्हा को सम्मानित किया. आचार्य अजयकुमार पाठक ने सम्मान-पत्र पढ़ा. अतिथियों ने संयुक्त रूप से सम्मान पत्र समर्पित किया. संध्या सिन्हा ने विद्यालय की प्रगति के लिए मंगल कामना करते हुए अपने उद्गार व्यक्त किए. आचार्या पूनम पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया. इस अवसर पर विद्यालय के सचिव संजीवरंजन सिंह, सह-सचिव राघवेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, आचार्य चंद्रभूषण सिंह, पुरुषोत्तमकुमार सिंह, गोविंद चौहान, विक्रमकुमार पांडे, सियाराम सिंह, उमेश शर्मा, अजयकुमार पाठक, नूतन सिंह, बसंती कुमारी, प्रिया कुमारी, रीमा कुमारी, विद्यार्थियों में रमन राज, सोनी कुमारी सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे.

## खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड का ट्रांस्फर्मर जला, बढ़ी परेशानी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड के लिए लगा जेबीवीएनएल का 200 केवीए का ट्रांस्फर्मर 29 जून शनिवार को जल गया. इस ट्रांस्फर्मर के जलने से खलारी कोयलांचल का मुख्य बाजार केडी अंधेरे में डूब गया है. बिजली नहीं रहने से सभी इन्वर्टर भी जबाब दे दिए.मोबाइल चार्ज के लिए भी लोग वैकल्पिक उपाय देख रहे हैं. जिन घरों का पानी आपूर्ति बिजली पर निर्भर था, वहां पानी का किल्लत शुरू हो गया है. शाम को जिस केडी बाजार में रौनक हुआ करता था वह सोमवार शाम अंधेरे में डूबा था. ट्रांस्फर्मर जलने की सूचना विभाग को मिल चुकी है. कनीय विद्युत अभियंता विभाग के आला अधिकारियों से बात करने का सुझाव दे रहे हैं. इधर स्थानीय लोग अपने-अपने पहुंच के अनुसार ट्रांस्फर्मर बदलने के लिए गुहार लगा रहे हैं. बताया जा रहा है कि विभाग के पास नया ट्रांस्फर्मर उपलब्ध नहीं है. मंगलवार को ट्रांस्फर्मर आने की उम्मीद है. सब कुछ सकारात्मक रहा तो बुधवार या गुरूवार तक केडी रोड का ट्रांस्फर्मर बदल दिया जाएगा।

## झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद के अध्यक्ष से मिले कांग्रेस जिला अध्यक्ष

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य विपणन परिषद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह से कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने मिलकर कोडरमा के जन समस्या को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बेरोजगारों के लिए 200 सेनेटरी शॉप दुकान बनाने एवं कृषि बाजार समिति के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर नए गोदाम बनाने तथा अन्य समस्या को लेकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया। इस पर अध्यक्ष झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण के लिए कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान को आश्वासन दिया।मौके कई अन्य लोग मौजूद थे.

## रील बनाने के चक्कर मे युवक की गई जान

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा -गया रेल खंड के टनकुप्पा रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास मोबाइल से रील बनाने के चक्कर में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। डाउन लाइन पर तेज गति से आ रही गांधी धाम एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक सुबह में शौच करने के लिए रेल पटरी के किनारे गया था। शौच के बाद रेल पटरी पर चढ़कर अपने मोबाइल से रील बनाने लगा। रील बनाकर युवक वीडियो को देख रहा था। इस दौरान, डाउन लाइन पर गांधी धाम एक्सप्रेस और अप लाइन पर एक दूसरी ट्रेन आ गई। दोनों लाइन पर ट्रेन आता देख युवक विचलित हो गया। इस बीच, एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। रेल पुलिस को घटना स्थल पर पहुंचने से पहले स्वजन शव को उठा ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की पहचान 18 वर्षीय अंकित कुमार के रूप में हुई है। अंकित के घर में अगामी 13 जुलाई को बड़ी बहन की शादी थी। घटना के बाद घर मे कोहराम मच गया।

## बिरहोर टोला में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बारियारडीह स्थित बिरहोर टोला में मंगलवार को स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जहां सिकल सेल एनीमिया,कुपोषण,हीमोग्लोबिन,उच्च रक्तचाप एवम मुधुमेह का जांच किया गया।जिसमें कुल 52 लोगो का सिकल सेल एनीमिया जॉच किया गया,शिविर में आए हुए लोगो को सिकल सेल एनीमिया के बारे में लक्षण,इलाज व रोकथाम,बचाव का उपाय बताया गया,33 बच्चों का कुपोषण का जॉच एवम आयरन सिरप दिया गया 26 लोगो का उच्च रक्तचाप,52 लोगो का हीमोग्लोबिन,26 लोगो का मधुमेह जॉच किया गया मौके पर चिन्हित कर लोगो को आयरन एवम फॉलिक एसिड का टैबलेट दिया गया एवम खान पान के व्यवहार के बारे में बताया गया।मौके पर सीएचओ रूपेश नारायण,एएनम हीरामणि ज्योति,प्रतिमा कुमारी,एमपीडब्ल्यू मिथलेश कुमार मौजूद थे.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रियलमी ने वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ पेश किया रियलमी सी63

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाईन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं। लॉन्च पर रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, 'हम अपनी चैंपियन सीरीज़ में नया स्मार्टफोन, रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं। रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे युवा ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा कर सके।




## आईसीआईसीआई बैंक ने भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में खोली अपनी नई शाखा

**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसीआईसीआई बैंक ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में शाखा खोली है। झरनों के शहर में बैंक की यह 20वीं शाखा एटीएम से सुसज्जित है। आईआईएम रांची के निदेशक डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने शाखा का उद्घाटन किया। यह शाखा बचत और चालू खाते, व्यापार और विदेशी मुद्रा सेवाएँ, सावधि और आवर्ती जमा, ऋण- व्यवसाय ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और स्वर्ण ऋण सहित खातों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है, साथ ही निवासी और अनिवासी भारतीयों को रेमिटेन्स और कार्ड सेवाएँ भी प्रदान करती है। शाखा के अपने परिसर में लॉकर सुविधा भी उपलब्ध है। शाखा टैब बैंकिंग सुविधा भी प्रदान करती है, जिसके तहत बैंक का कर्मचारी टैबलेट डिवाइस के माध्यम से ग्राहक के घर पर लगभग 100 सेवाएँ उपलब्ध कराता है। इन सेवाओं में खाता खोलना और सावधि जमा (एफडी), चेक बुक अनुरोध, ई-स्टेटमेंट तैयार करना और पता बदलना आदि शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक के पास झारखंड में लगभग 80 शाखाओं और 190 से अधिक एटीएम और कैश रिसाइकिलिंग मशीनों (सीआरएम) का नेटवर्क है।

## टीआरएफ लेबर यूनियन के नवमनोनीत सदस्यों ने अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टी.आर.एफ. लेबर यूनियन के नवमनोनीत सदस्यों ने डिप्टी प्रेसिडेंट संजय कुमार के नेतृत्व में नौवीं बार अध्यक्ष बनने पर राकेश्वर पाण्डेय का अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश्वर पाण्डेय को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर अध्यक्ष ने सभी को एकजुट होकर मजदूर हित में कार्य करने की दिशा में मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मजदूर नेताओ को यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए एवं मजदूरों की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने का प्रयास करना चाहिए। कंपनी सर्वोपरि का मूलमंत्र दिया एवं भविष्य आने वाले मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने नए सदस्यों के लिए ट्रेनिंग का आयोजन कर प्रशिक्षण देने एवं भविष्य के लिए एक बेहतर लीडर बनाने पर बल दिया। इस मौके पर महामंत्री अंजनी कुमार ने नए मेम्बरों का टीम में स्वागत किया। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट बेबी कुमारी, सहायक सचिव नवीन कुमार, मनीष कुमार कोषाध्यक्षा प्रिया महतो, सहायक कोषाध्यक्ष जयपाल सिंह मुण्डा, कमिटी मेम्बर धर्मेन्द्र कुमार सिंहा, सुशील कुमार, राजीव कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, सुव्रतो देव, रवि कुमार आदि उपस्थित थें।



## पटमदा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके सेन हुए सेवानिवृत्त, कृष्णपद महतो बने नए प्रभारी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें कॉलेज परिसर में ससम्मान विदाई दी गई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह शासी निकाय के सचिव चन्द्रशेखर टुडू ने डॉ. सेन के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य के रूप में व्याख्याता कृष्णापद महतो को पदभार सौंपा गया। मौके पर मुख्य रूप से चंद्रशेखर महतो, विश्वनाथ महतो, सास्वती महतो, गौतम गोराई, कमल कुमार महतो, भवानी विनायक मिश्रा, शालीग्राम मिश्रा, साहेला बानो, अभिराम महतो, विश्वजीत महतो, काजल महतो, चित्तरंजन महतो, बिरिंची महतो, मथुर महतो व सुभाष महतो आदि मौजूद थे।



## अवैध बालू से लदा हाइवा पकड़ाया, खनन निरीक्षक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम के खनन निरीक्षक अरविंद उरांव ने मंगलवार को बोड़ाम थाना क्षेत्र में अवैध गिट्टी व बालू के खिलाफ अभियान चलाया। निरीक्षण के क्रम में बोड़ाम-माधवपुर मुख्य सड़क पर पलाशडीह के समीप बालू लदा एक हाइवा (संख्या जेएच 05 एएच 6811) को जैसे ही रुकने का इशारा किया तो हाइवा को किनारे में लगाने के बाद कार्रवाई के डर से हाइवा चालक फरार हो गया। इसके बाद हाइवा को जब्त करते हुए खनन निरीक्षक ने पुलिस की मदद से बोड़ाम थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह को सौंप दिया। इस संबंध में खनन निरीक्षक अरविंद उरांव की लिखित शिकायत पर हाइवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इधर अवैध बालू के खिलाफ अभियान चलाए जाने पर कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### मामला : दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में जंगली सुअर का शिकार

# जेल में बंद डांटू की रिहाई को लेकर हजारों ग्रामीणों ने घेरा वन विभाग का कार्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** सरायकेला जिला के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में जंगली सुअर के शिकार के आरोप में बीते 6 जून को वन विभाग की टीम ने डांटू सिंह नामक ग्रामीण को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है. इसको लेकर मंगलवार को दलमा वन क्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति के बैनर तले चांडिल, नीमडीह, पटमदा, एमजीएम और बोड़ाम प्रखंड के हजारों आदिवासी-मूलवासी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक हथियार से लैस होकर मानगो स्थित वन विभाग के कार्यालय का घेराव कर दिया. ग्रामीण बिना शर्त डांटू सिंह की रिहाई करने की मांग पर नारे बाजी की. ग्रामीणों के प्रदर्शन की वजह से मानगो मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही. प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेमब्रम ने बताया कि डांटू सिंह निर्दोष हैं उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है. जबतक उनकी रिहाई नहीं होती ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहेगा. उन्होंने वन विभाग पर दलमा की तराई क्षेत्र में बसे ग्रामीणों को परेशान करने और दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के विकास के मद में सरकार द्वारा दिए जा रहे धनराशि का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से दलमा क्षेत्र में सरकारी राजस्व का बंदरबांट किया जा रहा है. ग्रामीण अपनी आंखों से देखते हैं जिसका विरोध करने पर उन्हें वन विभाग के अधिकारियों द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है.



**मामला न्यायालय में लंबित है, विभागीय स्तर से जल्द रिपोर्ट सौंपा जाएगा : दिनेश चंद्रा**

वहीं दलमा रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि मामला अब न्यायालय में लंबित है. विभागीय स्तर से जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपा जाएगा ताकि उनकी रिहाई हो सके. वन विभाग का काम वनों और वन्य जीवों की रक्षा करना है. ग्रामीणों को जो परेशानियां हो रही हैं उसके लिए उन्हें वार्ता के लिए बुलाया गया था, मगर वे नहीं आए. शक्ति प्रदर्शन कर विभाग पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है. किसी भी ग्रामीण को वन विभाग की ओर से परेशान नहीं किया जा रहा है. ग्रामीण वन विभाग पर जो भी आरोप लगा रहे हैं वह मनगढ़ंत और बेबुनियाद है.



## आजसू का गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम, सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी के द्वारा गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू प्रखंड अध्यक्ष राजेश महतो ने किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार को 11 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उंक्त ज्ञापन के माध्यम से भूमि संबंधित दाखिल- खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदन का ऑनलाइन निष्पादन करने, अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लाने व जरूरतमंदों एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ देने, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र करने, छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में शीघ्रता लाने, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर करने ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ हो सके, प्रखण्ड में नियमित बिजली आपूर्ति व्यवस्था करने, भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रखण्ड/अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी आदि की मांग की गई। इस दौरान आजसू केन्द्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, केन्द्रीय सदस्य चुनका मार्डी, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश हांसदा, सुमन डे, रघुनाथ सरदार, करूणा महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खुंटपानी के चुरगुई में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** विधायक दशरथ गागराई ने मंगलवार को खुंटपानी के चुरगुई खेल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह लिटिल स्टार चुरगुई के द्वारा आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच एस के वाई भोया वर्सेस चोपाल साई लिटिल स्टार ओडिशा के बीच खेला गया। इस मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। झारखंड सरकार खिलाड़ियों के लिए कई प्रकार की योजना चल रही है। टूर्नामेंट में कुल 64 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन समारोह में प्रखंड अध्यक्ष ज्योति बोदरा, विरेन्द्र जामुदा, जयसिंह बोदरा, राहुल जामुदा, सुभाष तियु आदि मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज की विमेंस सेल ने किया अनाथ आश्रम का भ्रमण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को करीम सिटी कॉलेज की विमेंस सेल ने बारीडीह स्थित अनाथ आश्रम का भ्रमण किया। सेल की सदस्यों ने अनाथालय में बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ बहुमुल्य समय बिताया। इस दौरान विमेंस सेल के सदस्यों ने बच्चों के बीच स्टेशनरी और खाद्य सामग्री वितरित की। यह कार्यक्रम डॉ. कौसर तस्नीम (समन्वयक, महिला सेल) के मार्गदर्शन में किया गया।

## शुभम स्पोर्टिंग रही एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** हुल दिवस के अवसर पर कांड्रा मोड़ स्थित मैदान में एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रो से कुल 24 टीमों ने भाग लिया। सिद्धो-कान्हू स्मारक समिति कांड्रा मोड़ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि उपस्थित आधुनिक पॉवर नेचुरल रिसोर्स लिमिटेड के डीजीएम राजेश सिंह ने किया। प्रतियोगिता का विजेता शुभम स्पोर्टिंग की टीम रहा जबकि उपविजेता यूनाइटेड एफसी क्लब की टीम रही। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर ट्रिपल ए, हरिहरपुर टीम रही। इसके सफल आयोजन में समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## बाल ज्ञान विद्यापीठ में लायंस क्लब इंटरनेशनल रीजन वन ने किया वृक्षारोपण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को लायंस क्लब इंटरनेशनल रीजन वन द्वारा भुईयाडीह स्थित बाल ज्ञान विद्यापीठ में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व रीजन वन के चेयरपर्सन एमजेएफ लायन नवनीत चौधरी ने किया। जिनके अंतर्गत 15 क्लब हैं और वे सभी क्लब इस महत्वपूर्ण कार्य में जुटे हुए हैं। मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला गवर्नर एमजेएफ लायन सीमा बाजपेई ने वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिया। विशेष अतिथि बाल ज्ञान विद्यापीठ के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, पूर्व जिला गवर्नर एमजेएफ कंचन सिंह और आनंद चौधरी ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों और सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम में योगदान देकर शोभा बढ़ाई। रीजन वन के 10 क्लबों ने आज के इस कार्यक्रम में भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। इसके साथ ही, रीजन 1 की डीजी टीम और विभिन्न जिला अध्यक्षों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे उनके पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति समर्पण का परिचय मिला।



## रक्तदान और बुजुर्गो को भोजन कराकर रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट ने की नये वर्ष की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट द्वारा नये सत्र 2024-25 रोटरी वर्ष की शुरुआत के अवसर पर एमजीएम अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। साथ ही साकची बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद भवन वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों के साथ क्लब के सदस्यों ने दोपहर का भोजन किया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्राचार्य, डॉ. (प्रो.) के.एन. सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. रवींद्र कुमार उपस्थित थे। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के नये अध्यक्ष शुभ्रजीत बसु, संयुक्त सचिव निधि बसु, सचिव विकास सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से रक्तदान किया और दूसरों को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। रोटेरियन पुनीत कांवटिया ने उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन किया। स्वयं से ऊपर सेवा की भावना का प्रदर्शन करते हुए रोटरी क्लब के दोनों कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयन्ती दत्त (डायरेक्टर सर्विस प्रोजेक्ट्स), डॉ. अनुप गुप्ता (चीफ बुलेटिन एडिटर), वरिष्ठ रोटेरियन ओ.पी. चोपड़ा, कैलाश सिंघानिया, मदन बेहरी, वी.के. तुलस्यान, वी.के. कोहली, पी.एम. दत्ता, डॉ. एस.एस. रज़ी, डॉ. जोहर बनर्जी, बलमिंदर सिंह, पुनीत कांवटिया और कुणाल कर आदि उपस्थित थे।



## राजस्थानी ब्राह्मण संघ के कौशल बने महासचिव और प्रकाश उपाध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राजस्थानी ब्राह्मण संघ, जमशेदपुर, झारखंड के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए, जिसमें कौशल किशोर जोशी को नया महासचिव घोषित किया गया। कृष्ण कुमार भारद्वाज और मनोज शर्मा ने सचिव पद हासिल किया, जबकि प्रकाश जोशी और काशी प्रसाद चौबे उपाध्यक्ष चुने गए। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख चुनाव अधिकारी महावीर प्रसाद चौबे, रामोतार जी पारीक और महेश शर्मा ने की, जिन्होंने संयुक्त रूप से परिणामों की घोषणा की। घोषणा के बाद, कार्यसमिति के लिए 17 सदस्य चुने गए। निवर्तमान अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा और वर्तमान अध्यक्ष बोधुराम जी सेवदा ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रेस विज्ञप्ति श्री राजस्थानी ब्राह्मण संघ के प्रेस प्रभारी गोविंद भारद्वाज द्वारा प्रदान की गई। चुनाव विगत रविवार को हुआ था और वोटों की गिनती सोमवार को हुई थी। चुनाव में किसे कितने मत मिलेः- उपाध्यक्ष प्रकाश जोशी को 233 व काशी प्रसाद चौबे को 185, महासचिव कौशल किशोर जोशी को 201, सचिव पद पर कृष्ण कुमार भारद्वाज 252 एवं मनोज कुमार शर्मा को 208 मत मिले। अध्यक्ष बोदूराम जी सेवदा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, अंकेक्षण पद पर प्रमेन्द्र शर्मा.निर्विरोध चुने गये हैं।




# डॉ अजय ने खिलाड़ियों के बीच किया फुटबॉल कीट का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार ने मंगलवार को सुबह अपने आवास पर 15 टीम के लगभग 200 युवा फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री(कीट) का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं, जरूरत है उसको सही अवसर प्रदान करने की। विभिन्न खेल के मैदान में चाहे वो क्रिकेट हो या हॉकी सहित अन्य खेल में राष्ट्रीय एवम् अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया। कीट के अभाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे इन युवा खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।डॉ कुमार ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश की सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर उम्दा प्रदर्शन करने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकारी नौकरी प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए मैं मुख्यमंत्री से बातचीत करूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से धर्मेंद्र सोनकर,रविन्द्र झा उर्फ नट्टू झा,अंबुज कुमार,अमित राय,राजा सिंह राजपूत सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



# पूंजीगत व्यय में वृद्धि से अगले दशक में उत्पादन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

### - सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत हो जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत का मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अगले दशक में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। वित्त वर्ष 2034 तक विनिर्माण क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है । चालू वित्त वर्ष 2024 में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का बाजार मूल्य 459 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 1.66 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है । यह वृद्धि पिछले दशक में हुई 175 बिलियन डॉलर की औसत वृद्धि से अधिक है । इसके अतिरिक्त, कम माल ढुलाई लागत और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण सकल घरेलू उत्पाद में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है ।बुनियादी ढांचे में निवेश वित्त वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद के 33 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2029 तक 36 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे अर्थव्यवस्था में विकास की कई लहरें देखने को मिलेंगी। आरबीआई सर्वेक्षण के अनुसार, उद्योग क्षमता उपयोग पहले ही 75 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। देश के शीर्ष तीन इस्पात उत्पादक 90 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर काम कर रहे हैं । आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह वृद्धि स्टील, सीमेंट और एल्युमीनियम जैसी वस्तुओं की मांग में वृद्धि का संकेत देती है और इसके पीछे मुख्य वजह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में आई तेजी है ।हालाँकि, मुद्रास्फीति में वृद्धि या परियोजना में देरी जैसी बाधाओं से बचने के लिए, इन क्षेत्रों के लिए अपनी क्षमता बढ़ाना महत्वपूर्ण है । विशेष रूप से, डेटा सेंटर, विनिर्माण प्रोत्साहन, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और एयर कंडीशनर के बढ़ते उपयोग जैसे कारकों ने बिजली की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है, इस प्रकार बिजली क्षेत्र को बढ़ती पूंजी व्यय आवश्यकताओं का सामना करना पड़ रहा है ।डीएसपी फंड ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि भारत की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में महत्वपूर्ण पूंजी व्यय क्षमता है । वित्तीय वर्ष 2024 और 2026 के बीच विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों में 39 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक खर्च होने का अनुमान है । वर्तमान पीएलआई निवेश फार्मास्यूटिकल्स, मोबाइल फोन और सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण पर केंद्रित है, जबकि सेमीकंडक्टर, विशेष इस्पात, कपड़ा और ऑटोमोबाइल विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भी वित्त वर्ष 2025 में पूंजी निवेश में वृद्धि देखी जाएगी । ऊर्जा, रक्षा, जल और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में वृद्धि मुख्य रूप से सरकारी नीतियों के कारण नहीं बल्कि मांग में वृद्धि के कारण देखी जा रही है ।डीएसपी म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर चरणजीत सिंह ने कहा, पिछले 5 वर्षों में, सरकार ने बड़े सुधारों और नीतिगत बदलावों पर ध्यान केंद्रित किया है । हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025-30 कार्यान्वयन की अवधि होगी । साथ ही, निजी पूंजी का उपयोग, जिसमें लंबे समय से ज्यादा वृद्धि नहीं देखी गई है, वह बढ़ती रहेगी । उपयोग के स्तर में वृद्धि, मजबूत कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और राजनीतिक स्थिरता जैसे प्रमुख कारक वित्त वर्ष 2026 से निजी पूंजी के पुनरुद्धार में तेजी ला सकते हैं ।


DSP
ASSET MANAGERS


## जिला समन्वयक शिक्षण मित्र ने घंटी आधारित शिक्षक नियुक्ति को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** ग्राम सभा द्वारा चयनित अवैतनिक हो भाषा वारंग क्षिति शिक्षकों को घंटी आधारित शिक्षक नियुक्ति करने को लेकर सोमवार को जिला समन्वयक शिक्षण मित्र ने खरसावां विधायक दशरथ गागराई को चौक परिसर में एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के अनुसार मानकी- मुंडा संघ कोल्हान पोड़ाहाट के द्वारा हो भाषा वारंग क्षिति का विकास के लिए प्राथमिक मध्य एवं उच्च विद्यालयों में हो भाषा वारंग क्षिति लिपि जानकर शिक्षकों को ग्राम सभा के द्वारा चयन किया गया है,जो अक्टूबर 2023 से अब तक अवैतनिक कार्यरत हैं. वहीं वर्तमान सरकार द्वारा घंटी आधारित क्षेत्रीय हो भाषा शिक्षकों का नियुक्ति किया जाना है. ग्राम सभा द्वारा चयनित हो भाषा एवं लिपि जानकार शिक्षकों को घंटी आधारित शिक्षक नियुक्ति पर प्राथमिकता दिया जाए. जो इतने दिनों से अवैतनिक है. मौके पर सुरेश सोय,भोदरो समाड,सिंगराय सोय, संजय कुमार गोप, सुनिता हेंब्रम, देवेंद्र गागराई, बुधनलाल सोय, मेचो सोय, सोमवारी सोय आदि उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चतरा जिले के मयूरहंड व प्रतापपुर प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ पर निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम मयूरहंड प्रखंड के राजकीयकृत मंझगांवां बूथ नंबर 321 का निरीक्षण किया। मौके पर बूथ स्तर के पदाधिकारी (बीएलओ) से मतदान प्रतिशत कम होने की जानकारी ली। साथ ही जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, डुप्लीकेट, शिफ्टेड एवं अव्सेंटी समेत अन्य की विस्तृत जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विधानसभा चुनाव का समय बहुत ही नजदीक है और हमलोगों के पास डेथ वोटर, डुप्लीकेट, शिफ्टेड, अव्सेंटी वोटर के सूची में त्रुटि सुधारने के लिए काफी कम समय है इस लिए अभियान मोड में सभी प्रकार के त्रुटियों का निष्पादन करें। साथ ही धुंधला और ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के भी अपडेशन का कार्य शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय दिगही बूथ नंबर 280, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय परासी बूथ नंबर 286, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनहरी बूथ नंबर 292 का भी जायजा लिया। तत्पश्चात उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनहरी बूथ नंबर 292 पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। वहीं प्रतापपुर प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय प्रतापपुर पश्चिमी बूथ नंबर 209, प्लस 2 एस.एस.एच.एस प्रतापपुर नॉर्थ बूथ नंबर 212 का भी निरीक्षण किया। मौके पर चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड मनीष कुमार, सभी संबंधित बूथ के सुपरवाइजर, बीएलओ समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेंशन, विधवा पेंशन, राशन, भूमि विवाद समेत अन्य मामला शामिल है। अपर समाहर्ता ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार में अंसार नगर सदर चतरा से विधवा पेंशन के मामला को लेकर मिलने आई महिला ने बताया कि मै चतरा की स्थाई निवासी हूँ, मै अपने घर में अकेला हूँ, मेरी एक छोटी बच्ची है, मेरे पास आय को कोई श्रोत नहीं है और मेरी बच्ची का भरन पोषण करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मुझे विधवा पेंशन का लाभ भी नहीं मिल रहा है। मुझे विधवा पेंशन दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में अपर समाहर्त्ता ने संबंधित पदाधिकारी को फोन कर जल्द से जल्द नियम संगत विधवा पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया।

## जब ढूंढ ढूंढ कर सड़क बनाए जा रहे हैं तो फिर मयूरहंड का हाल ऐसा क्यों : ग्रामीण



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक हो या फिर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद या फिर झारखंड सरकार या फिर अन्य जनप्रतिनिधि और इनके साथ-साथ सरकार के आलाअधिकारी जब भी कोई बड़ी बैठक करते हैं तो उसमें मुख्यरुप से कहते हैं कि सभी सड़कों को दुरुस्त करने की प्रक्रिया तीव्रगति से चलाई जा रही है और जो कुछ बचे हुए हैं वैसे सड़कों को भी चिन्हित कर हर हाल में आवागमन के लायक बनाया जाएगा। हैरत की बात यह है कि प्रखंड मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर पूर्व मुखिया के घर के सामने वाला मार्ग और ज्योति निकेतन वर्ल्ड एजुकेशन के समीप से गुजरने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील है।यह कोई 1 साल 2 साल 3 साल 4 साल नहीं बल्कि सालों साल से इन दोनों सड़कों का यही सूरते-हाल है।थाना क्षेत्र के कुछ ऐसे भी इलाके हैं जहां पर सड़क नहीं बनते हैं इसके पीछे वजह यह बता दिया जाता है कि वन विभाग के द्वारा एनओसी नहीं दिया जा रहा है माना कि वैसे क्षेत्र में एनओसी मिलने में कुछ विलंब लगता होगा लेकिन जहां एनओसी का मामला नहीं वैसे सड़कों को आखिरकार बनाने में विधायक से लेकर सांसद और उच्चाधिकारी रुचि क्यों नहीं दिखाते हैं यह प्रखंड के आम अवाम पूछते हैं जो ऐसे गड्ढानुमा राहों से होकर गुजरते हैं।

## सक्रीय महिलाओं के साथ किया गया मासिक बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत छः घरवा में मंगलवार को जेएसएलपीएस से जुड़े सक्रीय महिलाओं के साथ बैठक किया गया। बैठक आईपीआरपी सुनीता देवी के नेतृत्व में किया गया। जहां सक्रीय महिलाओं से मासीक बैठक की समीक्षा की गई। जिसमें महीने भर का कार्य का बारी-बारी से उपस्थित महिलाओं से वर्क डाउन जमा करवाया गया। एवं कार्य की विस्तृत जानकारी ली गई। समूह के महिलाओं को ऋण लेने के लिए साप्ताहिक बैठक करने के लिए जीविका उपार्जन करने को लेकर कई तरह की बातें बताई गई। मौके पर उपस्थित प्रतिमा देवी लक्ष्मी कुमारी संगीता देवी मालो देवी प्रियंका कुमारी गीता कुमारी सुमन देवी प्रीति लिंडा प्रेमी सोरेन जया देवी एवं दर्जनों महिलाएं बैठक में उपस्थित थी।

## दो सहायक अभियंता का किया गया सम्मान सह विदाई समारोह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सहायक अभियंता ओमप्रकाश गुप्ता का प्रारम्भिक स्कूली शिक्षा ग्राम्य अंचल स्थित प्राथमिक विद्यालय, हनुमानगंज से हुई। शिक्षा के दौरान मेधावी छात्र रहते हुए दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा क्रमशः 1981 तथा 1983 में वीर कुंवर सिंह इन्टर कालेज से किए थे , जुलाई 1964 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के असैनिक अभियांत्रिकी संवर्ग में शिक्षा प्राप्त की। यहाँ भी अपनी मेधा क्षमता से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कॉलेज बलिया से तथा सन् 1988 में हुए। तत्पश्चात सन 1991 में चयन बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा कनीय अभियंता के पद हनुमानगंज Government की पावन धरती पर हुआ। Polytechnic, Dehradun से अपनी सेवाएं दी। सिवान, लोहरदगा, शिमडेगा के विभिन्न प्रशाखाओं गिरीडीह, गुमला, हजारीबाग, सिमडेगा सानान्तरण क्रमशः ग्रामीण कार्य कि कार्यकाल कनीय अभियंता पद पर रहे एवम सर्वाधिक 06 वर्षों चतरा में हुई। इन्हे पदस्थापन दिनांक 26.06.2023 को पदोन्नति चतरा में हुआ। डिप्लोमा अभियंता संघ में भी आजीवन सदस्य रहते हुए आपने संपूर्ण संगठन के प्रति सेवा भावना की मिशाल पेश की। साथ ही साथ निवर्तमान में आप All India Federation of Diploma Engineers के भी आजीवन सदस्य रहे है।एक कुशल अभियंता, सहृदय मनुष्य तथा हंसमुख व्यक्तित्व के धनी हैं। सेवाकाल में किये गये कार्यों में उच्च गुणवत्ता ससमय कार्यों की पूर्ति तथा सरकारी मद की बचत प्रमुख विशेषताएँ इनकी पहचान रही है। कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, तन्मयता एवं अनुशासन सदैव प्रसंशनीय रहेगा है। इन सद्गुणों के लिए जिला के संवेदक पदाधिकारी और कर्मचारी सुखद, सफल, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना किए। साथ ही सहायक अभियंता वीर बहादुर बैंकेट सिंह का गोडडा तबादला होने पर इनके कार्यकाल को काफी प्रशंसा करते हुए कहा गया की सहायक अभियंता बैंकेट सिंह काफी संजीदगी से चतरा जिला में कार्य किए , गुनवाता से समझौता ये किसी भी सूरत में नहीं किए।

## आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने प्रतापपुर प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने प्रतापपुर प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर आगामी 4 जुलाई को हल्ला बोल कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई ।इस मौके पर उन्होंने बताया कि 11 सूत्री मांगों के समर्थन में चार जुलाई को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम आजसू पार्टी के द्वारा किया गया है। पार्टी के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा किसान सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शिरकत करेंगे। बैठक में चूल्हा प्रमुख तथा युवा आजसू संगठन को 15 जुलाई तक बनाने के का निर्णय भी लिया गया।हल्ला बोल कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आजसु पार्टी के कार्यकर्ता जुटुंगे।धरना के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन भी सौंपेंगे। बैठक में खुर्शीद खान, सुबोध दांगी, उमेश दास, श्रवण यादव, कन्हाई साहू, बबलू पाठक, अरविंद यादव, मनोज यादव, अनुराग प्रजापति, अक्षय वट सिंह, तारकेश्वर महतो, नारायण यादव, लखन यादव, उदय यादव, रामदेव यादव, जेलर पासवान, उपेंद्र चंद्रवंशी, प्रमोद दास, सत्येंद्र प्रसाद, मिथिलेश यादव, संतोष यादव, रंजीत यादव, मो अंसारी, अमित चंद्रवंशी, लालू यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने पंचायत सचिव आवास कोऑर्डिनेटर साथ किया समीक्षा बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने पंचायत सचिव व आवास कोऑर्डिनेटर के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपस्थित लोगों को अबुआ आवास से संबंधित सभी पंचायतों के बारे में पूछताछ किया। अबुआ आवास लाभुकों का प्रथम किस्त व दितीय किस्त की राशि भुगतान किए जाने पर जानकारी जुटाई। तथा अबुआ आवास की भौतिक स्थिति, आवास स्थल का निरीक्षण करने व आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया उज्जवल सिंह दिगंबर पांडेय आवास कोऑर्डिनेटर फरहत नाजनी अभिनंदन कुमार मौजूद थे।

## रुद्र महायज्ञ में प्रत्येक दिन प्रवचन का हो रहा है आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड के बेलवाड़ीह ग्राम में सप्तदिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के तहत गांव में भक्ति की बयार बह रही है। यज्ञाचार्य बिनोद मिश्रा द्वारा प्रत्येक दिन संध्या आरती के बाद 7:00 बजे से प्रवचन किया जा रहा है। जिसमे गांव के सभी लोग इस संध्या आरती और प्रवचन में भाग ले रहे हैं। यज्ञ कमेटी के विजय प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया की सुबह हवन के बाद प्रत्येक दिन भंडारा संध्या 5:00 बजे तक चलाया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक दिन लोग हवन यज्ञ मंडप का भ्रमण कर रहे हैं। इसके यज्ञ का सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप यादव, सचिव संतोष यादव, कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मुख्य संरक्षक कृष्ण प्रसाद, अरघु यादव, जगरन्नाथ यादव, विजय प्रसाद, सागर कुमार, मुकेश साव, राजेश यादव, देवनारायण यादव, भुवनेश्वर यादव, महेश साव, कोमल तुरी, बिनेश्वर भुईया, जितेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, गाजू यादव, राम जतन साव, सूर्य मोहन साव, शिबू तुरी, प्रदीप उरांव, रामकिशोर उरांव, भोला यादव, रुपेश साव, मनोज साव, कुलदीप यादव समेत कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# उपायुक्त ने की लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में लघु सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बेलवार नदी पर वर्ष-2020 से चल रहे चेकडैम निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यपालक अभियंता को सबंधित संवेदक को जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस देने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जमुनदह नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य पूर्ण करने में हो रहे विलम्ब की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यपालक अभियंता को जल्द कार्य पूर्ण करवाने का निर्देश देते हुए संबंधित संवेदक को नोटिस देने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के क्रम में हेसला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, चेटुओंग म0 सिं0 योजना का जीर्णोद्धार का कार्य, पतरातु मध्यम सिंचाई योजना जीर्णोद्धार के कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनुमंडल, चन्दवा को बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप स्पष्टीकरण करने एवं आवंटित कार्य का प्रगति प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।बैठक में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल किशन मिंज, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यालय के कर्मी अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## किसानों के बीच मक्का के बीज का वितरण किया गया



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के समीप प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी के द्वारा किसानों के बीच मक्का के बीज का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंन्दन राम, लेधपा पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव, रवींद्र प्रसाद, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के वाजिद अंसारी, प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष साजिद अंसारी, मनोज यादव, ज्योति प्रकाश दुबे, प्रदीप यादव व मनोज पासवान मौजूद थे।

## दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई ।टक्कर में दोनो बाइक में सवार तीन लोग रोहित गंझु 26 वर्ष पिता बिश्वनाथ गंझु,किशोर करमाली 20 वर्ष पिता बिरसा करमाली दोनो ग्राम बड़कीटांड खलारी निवासी एवं रजिक मिया 62 वर्ष पिता अली मिया मारंगलोईया थाना बालूमाथ निवासी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये । सभी घायलो को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोहित गंझु अपने दोस्त विश्वनाथ गंझु के साथ बालूमाथ अपने माँ को नानी घर छोड़कर वापस खलारी जा रहा था ।इसी दौरान बाइक मे सवार रजिक मिया जो अपने घर से बालूमाथ बाजार आ रहा था ।तभी पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें सभी घायल हो गये।

# झारखंड में सबसे लंबे गीतों के गायक बने रवि कांत भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के नागपुरी और कुड़ुख गायक रवि कांत भगत ने झारखंड की संस्कृति को लेकर एक अलग रिकॉर्ड बनाया है। उनके द्वारा तीन कुड़ुख सरना भजन रिलीज किया गया है।यह अभी तक के सबसे लंबे गीत हैं। गीतों में चाला टोंका बरदम, धरम गही बिल्ली और जय धरम शामिल है।इन वीडिओ एलबम में लातेहार जिले के उभरते कलाकार रिंकु उराव व राजेंद्र भगत के साथ कई अन्य कलाकारों ने काम किया है।इन एलबम में गीतों की लंबाई 12 से 15 मिनट तक है।बताते चलें की इन दिनों लगातार सरना भजन की शूटिंग लातेहार के डेमू गांव के सरना स्थल में किया जा रहा है। रविकांत भगत ने बताया कि इस एलबम में डेमू गांव के बीरेंद्र उरांव व जयंती उरांव समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं। इन गीतों के गायक और संगीत निर्देशक रविकांत खुद हैं। डीओपी राहुल महली और पॉल तथा कोरियोग्राफर जितेंद्र भगत व चंद्रमोहन भगत हैं।रविकांत ने बताया कि अभी लगातार आठ सरना भजन रिलीज किये जायेगें। सभी गीतों की लंबाई 15 से 20 मिनट तक हैं। इन एलबम को रविकांत ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। इससे पहले भी रविकांत ने कुडूख भाष में कई एलबम जारी किये हैं। रविकांत ने कहा कि आज के युवा अपनी आदिवासी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। वे अपनी संस्कृति और विरासत को बचाये रखने के लिए लगातार कुड़ूख भाषा में गीतों के एलबम जारी कर रहे हैं और इसका अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है। बता दें कि रविकांत को झारखंड रत्न समेंत अन्य कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

# जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला स्टेडियम में मंगलवार को 63 वीं सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया उदघाटन आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार व क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी अनूप माइकल केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।डीएसई कविता खलखो ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। संबोधित करते हुए श्री गागराई ने कहा कि आज भी खेल प्रासंगिक है। खेलों से न सिर्फ शारीरिक वरन मानसिक विकास भी होता है। क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे लाने एवं उन्हें एक मंच देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने भी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और खेल भावना से खेलने की अपील की। डीइओ प्रिंस कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर विजयी टीम राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। उदघाटन मैच में पैनाल्टी शूट में खीस्त राजा उच्च विद्यालय चंदवा की टीम ने लातेहार की उच्च विद्यालय पोचरा को 5 -2 से हराया। दूसरे मैच में महुआडांड़ ने मनिका को हराया। तीसरे मैच में बालुमाथ ने हेरहंज को 2-0 से हराया. इससे पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल कीक कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उदघाटन सत्र में मंच का संचालन शिक्षक आशीष कुमार ने किया। मौके पर एपीओ रोज मिंज, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, चंदन कुमार चंद्र, उदय कुमार, सुबोध कुमार चंदेल, निरंजन सिंह, आशीष कुमार सिन्हा, नरेश लाल रवि, उत्तम कुमार, छोटन उरांव समेंत कई शिक्षक व शिक्षा कर्मी मौजूद थे।

## नि:शुल्क श्रमिक कार्ड बनाने को लेकर प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता व श्रम विभाग चतरा के निर्देश पर मंगलवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय में असंगठित श्रमिक मजदूर लोगों को नि:शुल्क निबंधन मजदूर कार्ड बनाने को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के आसपास के मजदूरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में प्रखंड श्रमिक मित्र सुनील कुमार दांगी के द्वारा दर्जनों भर लोगों को श्रमिक कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि सर्वर स्लो रहने के कारण भी कई लोगों को आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाया। इस कारण कई लोगों को काफी परेशानी हुई। तथा किसी तरह करीब 10 से 12 लोगों का निशुल्क निबंधन मजदूर कार्ड आवेदन ऑनलाइन कर दिया गया है। सुनील कुमार ने बताया कि इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक वर्ग को काफी लाभ मिलेगा। इसलिए सभी लोगों को श्रमिक कार्ड जरूर बनवाना चाहिये। उन्होंने कहा कि श्रमिक कार्ड बनवाने वाले व्यक्ति को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएं व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, दो दर्जन से अधिक फरियादियों ने दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा निवेदिता रॉय के समक्ष लगभग दो दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने पेंशन, मुआवजा, भूमि, वन पट्टा, नाली निर्माण, अबुआ आवास, नामांकन आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की। जनता दरबार में कबिलासी, दारू की मोसमत गौरी देवी ने आर्थिक बदहाली का हवाला देते हुए अपने नाती को पुनाई स्कूल में नामांकन कराने का अनुरोध किया जिनके आवेदन को जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजते हुए जांचोपरांत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं कोलघट्टी के प्राथमिक विद्यालय स्थाई शिक्षक नहीं रहने से बच्चों के हो रही पठन-पाठन में कठिनाई के मद्देनजर स्कूल में स्थाई शिक्षक की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने आवेदन दिये। जिसपर उचित निर्णय लेने एवं समस्या के समाधान हेतु शिक्षा विभाग को आवेदन अग्रसारित किया गया। इसी क्रम में ग्राम दुमरैना ईचाक से मोसमात सकून देवी, ग्राम अलौन्जा ईचाक मंजू देवी तथा टाटीझरिया से सुशीला देवी ने पक्का मकान नहीं रहने और बरसात के कारण हो रही परेशानियों के बाबत अबुआ आवस से जोड़ने का अनुरोध किया। जिसपर उचित निर्णय लेने के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित किया गया। इसके साथ ही बभनबय के तारकेश्वर प्रसाद ने दाखिल खारिज करने, कानीबाजार न्यू कॉलनी के नगरनिवासियों ने नगरपालिका हजारीबाग द्वारा स्वीकृत नाली नहीं बनने से घर के अंदर गंदा पानी रास्ते में जमाव से आम लोगों में परेशानी को लेकर आवेदन दिया तथा इसके समाधान की मांग की। साथ ही कटकमदाग निवासी, राजधन लकड़ा ने वन पट्टे निर्गत करने, आर्थिक परेशानी के कारण बासाडीह पोस्ट जरबा निवासी स्वेता कुमारी ने आवासीय विद्यालयों में नामांकन के संबंध में आवेदन दिया। मौके पर आये सभी आवेदनों पर त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, हिंदुओं को हिंसक कहे जाने पर लगाए राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाला बयान दिया था। इसको लेकर पूरे देश में राहुल गांधी का विरोध हो रहा है। बरही में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बरही चौक पर राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही उनका पुतला फूंककर इस मामले में माफी मांगने की मांग की है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा ऊंट पटांग बयान देते हैं, वह हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को कई बार आहत किया है इसलिए राहुल गांधी माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी सदस्यता को भी रद्द किया जाए। अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चन्द्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी का बयान देश की अस्मिता से खिलवाड़ है, उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चन्द्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, प्रदुम्न सिंह, युवा नेता आकाश जायसवाल, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनोज साव, मुन्ना यादव, अभिषेक निषाद, शिवा निषाद, संतोष निषाद, राजकुमार केशरी, रंजीत यादव, इंद्रदेव ठाकुर, मनितोष यादव, टिंकू आलम, मनोज उपाध्याय, अनुज रविदास सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

# रथ यात्रा मेला सिलवार में आनेवाले श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध हो : विकास राणा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की सदर प्रखण्ड कमेटी हज़ारीबाग के द्वारा मंगलवार को हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान सदर प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा . कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा उपस्थित हुए . हल्ला बोल कार्यक्रम का नेतृत्व सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव ने किया. आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि सिलवार के जगन्नाथ धाम मंदिर की रथ यात्रा मेला में काफी भीड़ होती है और अनेकों गाँव और शहर से लाखों लोग आते हैं उनको किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन को गंभीरता पूर्वक मुस्तैद रहना होगा ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना को रोका जा सके. अबुवा आवास चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए जरूरतमंद परिवार को चिन्हित कर उन्हें अबुवा आवास उपलब्ध किया जाये. केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने कहा कि ग्रामीण जनता का काम सुलभ करने की प्रक्रिया हो लोगो को एक काम के लिए प्रखण्ड कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े. इसके लिए प्रखण्ड कार्यालय में कार्यों का निष्पादन अविलम्ब किया जाये और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की जरुरत है. आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, युवा आजसू के विशाल कुमार प्रजापति, छात्र संघ के शुभम कुमार राणा, विजय कुमार, नरेश यादव, राज किशोर राम शामिल थे.

# फिजिकल डिफेंस अकादमी के द्वारा 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### देश की सरहद पर हजारीबाग के युवा का होगा परचम : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग की कंचन ग्राउंड में फिजिकल डिफेंस अकादमी के द्वारा 1600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एनएसजी कमांडो विवेक तिवारी वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोज मालाकार,अविनाश कुमार,नीतीश कुमार शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में लगभग 350 अग्नि वीर जवानों की उपस्थिति रही सभी ने काफी उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सफल धावकों को नगद राशि एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पांच आने वाले धावकों को सम्मानित किया गया, जिसमें सुबोध कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार, सूरज कुमार, रोहित कुमार, गुरु कुमार शामिल है। सफल धावकों को राशि स्वरूप एक हजार, पांच सौ,तीन सौ,दो सौ एवं दो सौ की नगद राशि क्रमांक अनुसार दी गई है। जिसे आने वाले समय में और भी जवान ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़कर हिस्सा



ले सके साथ ही युवाओं को बेहतरीन भविष्य से के लिए शुभकामनाएं दी गई। मौके पर हर्ष अजमेरा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है की देश की सरहद पर हजारीबाग के युवा का परचम होगा, आप सभी के साथ में सदैव खड़ा हूं। आप सभी का हौसला कभी काम नहीं होना चाहिए आप जिस सेवा के लिए आगे बढ़ रहे हैं वो सेवा न केवल हजारीबाग की है बल्कि पूरे देश की आन बान और शान है मेरी शुभकामनाएं आप सबों के साथ हैं आप सभी अपने कर्म पर हमेशा केंद्रित रहे।

## अंबा प्रसाद के सौजन्य से कुशवाहा धर्मशाला एवं राम जानकी मंदिर में कराया गया डीप बोरिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से गुरु चट्टी कुशवाहा धर्मशाला एवं राम जानकी मंदिर परिसर में डीप बोरिंग कार्य कराया गया । मंगलवार को मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने नारियल फोड़कर डीप बोरिंग का शिलान्यास किया। इस दौरान गुरु चट्टी कुशवाहा समाज के वरिष्ठ लोगों ने विधायक अंबा प्रसाद को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और डीप बोरिंग कार्य के लिए विधायक का आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों से किया हर एक वादा को पूर्ण किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में चापाकल बोरिंग का कार्य तेजी से जारी है। वहीं कई जगहों पर डीप बोरिंग कार्य शुरू हुआ है। आगामी दिनों में मुस्लिम मोहल्ला बड़कागांव, हरली, नयाटांड़ भुईया टोली में भी डीप बोरिंग कार्य होना है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिप सदस्य गीता देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी विशेश्वर नाथ चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## वरीय अधिवक्ता मो. युनुस वारसी का निधन, संघ मे शोक की लहर



**हजारीबाग :** वरीय अधिवक्ता मो. युनुस वारसी के निधन की खबर जैसे ही बार संघ में मिली सदस्यों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने अंतिम सांस अपने पगमिल स्थित निवास पर मंगलवार सुबह को ली। वे 82 वर्ष के थे। और उन्होंने हजारीबाग बार संघ को वर्ष 1967 में ज्वाइन किया था। और तभी से वह नियमित अधिवक्ता के तौर पर कार्य कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने प्रैक्टिस के दौरान वह 7ईसी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक के तौर पर कार्य किए थे। और साथ ही सहायक लोक अभियोजक के तौर पर भी उन्होंने अपनी सेवा हजारीबाग सिविल कोर्ट को दी थी। अपने पीछे वह पत्नी चार पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गए हैं उनके तीन पुत्र मोहम्मद शाहिद युनुस वारसी, मोहम्मद तारीक युनुस वारसी और मोहम्मद साजिद युनुस वारसी भी अधिवक्ता हैं। जिसमें दो पुत्र हजारीबाग सिविल कोर्ट में जबकि मोहम्मद साजिद युनुस वारसी झारखंड उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्हें कुछ दिनों पहले हजारीबाग सिविल कोर्ट प्रशासन की ओर से भी सम्मानित किया गया था। उनके निधन पर हजारीबाग बार संघ में मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। और नियमानुसार पूरे दिन अपने आप को न्यायिक कार्यों से अलग रखा। बार संघ के लोग उनके पगमिल स्थित निवास पर जाकर परिवार के लोगों से भी मुलाकात की और दुःख की इस घड़ी में उनका हौसला बढ़ाया। जिसमें बार संघ अध्यक्ष राजकुमार, महासचिव सुमन कुमार सिंह, कमिटी सदस्य दीपक चन्द्रवंशी, भरत कुमार, कुणाल कुमार,विभव कुमार, गौरी शंकर प्रसाद, मिथिलेश कुमार सिन्हा उर्फ मन्ने, रमेश सिंह मो. आफताब समेत कई लोग मौजूद थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को खिरगांव कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## राहुल गांधी के बयान से मचा बवाल, बीजेपी नेता रमेश ठाकुर ने की माफी की मांग



**बरही :** लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया, राहुल गांधी ने कहा था जो खुद को हिंदू कहते हैं वह हिंसा हिंसा करते हैं, नफरत-नफरत सत्य -सत्य करते हैं यह हिंदू है ही नहीं इसी बयान को लेकर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए, इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं, हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना ठीक नहीं है, यह लोग सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हिंदुओं का इस्तेमाल करते हैं, आपातकाल में पूरे देश को इन्होंने भयभीत किया है ,लाखों लोगों को जेल में डाला गया। वैचारिक आतंक कभी था, तो वह कांग्रेस का आपातकाल था।

## बीडीओ ने गौरियाकरमा पंचायत के बूथों का घर घर जा कर मतदाता सत्यापन का किया निरिक्षण



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत के बूथ 278, 280, 282 आदि में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह - प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार ने घर घर मतदाता सत्यापन का निरिक्षण किया। जिसमे सभी BLO को ससमय मतदाता सत्यापन का कार्य पूरा करते हुए सभी प्रकार के आवेदनों को BLO एप्प से ऑनलाइन करते हुवे निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

# लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति को लेकर मैराथन चर्चा हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में 01जुलाई 2024 को टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में लोकसभा चुनाव को लेकर मैराथन समीक्षा बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने की तथा संचालन विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने किया।बैठक में बड़ी संख्या में आये कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा जेपी समर्थक उपस्थित थे। उपस्थित कार्यकर्ताओ के साथ लोकसभा चुनाव में हार के कारणो तथा आगे की रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ गहनता से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से अपने-अपने पंचायत की चुनावी स्थिति से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनता के द्वारा दिए गए आशीर्वाद का हम सम्मान करते हैं।कार्यकर्ताओं ने संसाधन के अभाव के बावजूद भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम किया जिसके लिए वे बधाई के पात्र है।इस लोकसभा चुनाव में हमें सभी वर्गो के लोगों ने वोट दिया है,हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। एक गाँव के बेटे को पहली बार हजारीबाग संसदीय सीट से राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस पार्टी ने टिकट देकर जो सम्मान दिया है,मैं उसका सम्मान करता हूँ।इंडिया गठबंधन के नेताओं का जो समर्थन मिला है,मैं उन सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। आगे उन्होंने कहा कि कम समय में सूचना देने की बावजूद भी बड़ी संख्या में अपने-अपने पंचायत से कार्यकर्ता आज की बैठक में शामिल हुए उनका मेरे प्रति संबंध की मजबूती को दर्शाता है।परन्तु हमे अति विश्वास में नहीं रहना चाहिए और हम सबों को जमीनी स्तर पर जीरो लेवल से कार्य करना आरंभ करना होगा।आगे की रणनीति के तहत पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता एवं विस्तृत बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता महिलाएं तथा युवा की गोष्ठी आयोजित करें मैं उनके मन की बात को सुनना चाहता हूं। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, कांग्रेस नेता सुरेंद्र मिश्रा, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, राम जन्म राय, उत्तम महतो, नन्हकू महतो, महेंद्र राम, अशोक भाई पटेल, त्रिवेणी मंडल समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बैडमिंटन कोच को उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डीएमएफटी मद अंतर्गत 15 जून को संविदा के आधार पर एनआईएस बैडमिंटन प्रशिक्षक के चयन हेतु साक्षात्कार में सफल घोषित करते हुए नीरज कुमार को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने उपायुक्त वेश्म में उन्हें नियुक्ति का प्रमाण पत्र सौंपा। यह अनुबंध योगदान 3 वर्षों हेतु मान्य होगा। उपायुक्त ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएं दी तथा बैडमिंटन खेल के इच्छुक खिलाड़ियों को बेहतर माहौल में उच्च स्तर का प्रशिक्षण देने को कहा। इस दौरान खेल पदाधिकारी कैलाश राम व खेल विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## झारखंड संघर्ष मोर्चा ने विष्णुगढ़ को बनाने एवं व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में आज झारखंड संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अखाड़ा चौक से हॉस्पिटल चौक होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय धरना स्थल पर ढोल नगाड़े तथा मांदर के साथ दशरथ राय के नेतृत्व में सैकड़ो की सँख्या में लोग पहुँचे। आयोजित एकदिवसीय धरना में दर्जनों वक्ताओं ने बारी से प्रखण्ड कार्यालय तथा अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर बोले। इस मौके पर झारखंड संघर्ष मोर्चा के संयोजक दशरथ राय ने 21 सूत्री मांगों में विष्णुगढ़ प्रखण्ड को अविलंब अनुमण्डल का दर्जा देने की बात कही। विष्णुगढ़ पुलीस अनुमंडल मुख्यालय विष्णुगढ़ में स्थापित किया जाय। इसके साथ ही दशरथ राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि अंचल कार्यालय और भूमाफियाओ की मिलीभगत से चरनखिया में जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। भ्रष्टाचार और आमलोगों के जनहित के कार्यो को लेकर बुलंद आवाज में अपना विरोध दर्ज कराया।साथ ही कहा प्रखण्ड कार्यालय व अंचल कार्यालय लूट का अड्डा बन चुका है। धरना समाप्ति के पूर्व 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौपा।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौथा में भुवनेश्वर पटेल ने किया पाठ्यपुस्तकों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौथा में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में कक्षा एक से दस तक के 459 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री पटेल ने कहा कि मंत्री महोदया के अनुशंसा पर विद्यालय में चार दिवारी निर्माण की स्वीकृति मिल गई है।शीघ्र ही मंत्री चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास करेंगी। उन्होंने बच्चों से कहा की मन लगाकर पढ़े, क्योंकि पढ़ाई का कोई विकल्प नहीं है।शिक्षा ही वह कुंजी है जो विकास का द्वार खोलती है। इसलिए सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आए और तन्मयता पूर्वक पढ़ाई करें। अलपिटो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण के विकास में हम सभी साथ हैं।विद्यालय को जिस चीज़ की जरूरत है, वह हमारे समक्ष रखें, हम सभी सुविधा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास करेंगे। पंचायत समिति प्रतिनिधि भीखन रविदास ने कहा कि शिक्षक ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, क्योंकि शिक्षकों की पहचान उनके छात्रों की सफलता में ही निहित है।

## हजारीबाग शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम व व्यवस्थित करने को लेकर आदेश जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उच्च न्यायालय झारखण्ड, राँची के आदेश के आलोक में हजारीबाग शहर के यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित व सुदृढ बनाने हेतु हजारीबाग शहर में आने वाले सभी एन.एच. से भारी वाहनों के प्रवेश पर नो इन्ट्री सुबह 08:00 बजे से रात 08:00 तक लगाने हेतु प्रतिवेदित किया गया है। अतः हजारीबाग शहर के सुगम यातायात व्यवस्था बनाने हेतु 27 जून को आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक में लिये गये निर्णयानुसार यातायात प्रभारी, हजारीबाग पुलिस उपाधीक्षक, हजारीबाग एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग के संयुक्त प्रस्ताव के आलोक में भारी मालवाहक वाहनों का हजारीबाग शहरी क्षेत्रों में प्रवेश वर्जित रहेगा। उक्त अवधि में भारी वाहनों के आवागमन की निगरानी हेतु पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्णय लिया गया हैं ताकि कोई भी भारी वाहन अनाधिकृत रूप से प्रवेश न करें।

# झारखंड की राष्ट्रीय जूनियर लगोरी टीम, चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही ।** बीते 28 जून से 30 जून 2024 को महाराष्ट्र के चिपलून, रत्नागिरी में आयोजित 8 वें जूनियर राष्टीय लगोरी चैम्पियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। जिसमें श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के उज्ज्वल यादव जो झारखंड टीम के खिलाड़ियों में अपना विशिष्ठ प्रतिभा दिखाया और इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उज्ज्वल की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय गौरवांवित महसूस कर रहा है। उज्ज्वल ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में संवारने का कार्य किया वह अपने स्कूल और स्कूल प्रशासन का श्रेय है, जिन्होंने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया।वहीं प्रधानाध्यापक रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल सदैव बच्चों की ओवरऑल परफॉर्मेंस पर फोकस करता रहा है, चाहे वह पढ़ाई हो या फिर खेलकूद की हो। हम अपने बच्चों की सभी परफॉर्मेंस का रिकॉर्ड ट्रैक करते हैं ताकि उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाया जा सके।÷ उन्होंने उज्ज्वल यादव की सिलेक्शन पर भी खुशी जाहिर करते हुए कहा, उज्ज्वल एक अच्छे लगोरी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा से स्कूल और अपने राज्य का नाम रोशन किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वे आने वाले नेशनल चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल उज्ज्वल यादव की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है और उज्ज्वल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।बता दे कि महाराष्ट्र में आयोजि इस जूनियर चैंपियनशिप में देश के 17 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

# रामगढ़ में अपराधियों ने रेलवे ठेकेदार को मारी गोली





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना ओपी क्षेत्र ग्राम कोढ़ी रेलवे ट्रैक पोल संख्या 152/23 ट्रेक किनारे पहाड़ के पत्थर पर जाल बिछाने ( रुप नैट) वाले ठेकेदार राजीव गुप्ता उर्फ ज्ञानेंद्र उत्तर प्रदेश निवासी को चार अज्ञात अपराधकर्मी ने गोली मारकर घायल कर दिया है जानकारी के अनुसार सिधवार से सांकी के बीच में चट्टान गिरने के कारण रेल परिचालन बाधित हो रही थी जिसके कारण रेलवे ने चट्टान ना गिरे उसके लिए रॉक फॉल प्रोटेक्शन (रूफ नेट) का काम करवाया जा रहा है और रॉक फॉल प्रोटेक्शन (रूफ नेट) का काम गरवारे टेक्निकल फाइबरस लिमिटेड पुणे की कंपनी ने लिया है और वहां आरव जियो इंफ्रास्ट्रक्चर नामक कंपनी रॉक फॉल प्रोटेक्शन (रूफ नेट) लगाने का काम कर रही है.गोलीबारी में घायल संवेदक ज्ञानेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि सुबह के लगभग 10ः00 बजे के आसपास बरककाना के हेहल सुरग के करीब बरकाकाना से रांची की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर काम हो रही थी। जहां 20 से 25 मजदूर काम कर रहे थे। तभी चार लोग हथियार से लैस होकर रेलवे साइड में पहुंचकर मजदूर वह हमारे भाई के साथ मारपीट किए जाने लगा। इसी बीच मजदूरों से बात के जाने के लिए हमारे द्वारा जब फोन की गई तो फोन का जवाब नहीं मिलने पर मैं स्वयं साइड पर पहुंचा। जहां हथियार से लैस लोगों द्वारा हमारे भाई के साथ मारपीट किया जा रहा था। उन्हें मना किए जाने पर उन लोगों ने हमारे ऊपर भी बंदूक तान दिया। तभी पीछे वाला युवक द्वारा हम पर गोली चला दी गई प्रोपराइटर के भाई राघवेंद्र ने बताया कि पहाड़ की ओर से चार दुबले पतले लोग कार्य स्थल पर पहुंचे और पहले जनरेटर बंद कराया और फिर उनके साथ मारपीट करने लगे. इसके बाद मजदूरों को दूर जाने को कहा और चारों ओर से घेरकर उनके साथ मारपीट करने लगे, मालिक का मोबाइल नंबर देने का विरोध किया तो चारों ओर से उन लोगों ने कसकर पड़कर मारा और मारपीट की. उन चारों के हाथों में पिस्टल था।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को रामगढ़ के रांची रोड स्थित वृंदावन हॉस्पिटल भेजा गया जहां डाक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा, बता दें जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है घटनास्थल पहुंचे अपराधकर्मियों ने लेवी की मांग को लेकर घटना को अंजाम दिया है, और मारपीट करते हुए अपने आप संगठन का आदमी भी बताया गया कहा यहां संगठन है और उनसे बात किए बिना काम कैसे किया जा रहा है आप पुलिस का जांच का विषय है कि यह अपराधी थे कि उग्रवादी यह जांच का विषय है । सूचना मिलते ही पतरातु अंचल इंस्पेक्टर योगेन्द्र कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है और अन्य मजदूरों से भी घटना का बयान पूछताछ की गई है।

# मुहर्रम को लेकर बरकाकाना एरिया कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुहर्रम का त्यौहार अनुशासन के साथ मनाने के लिए मिल्लत ए इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया की बैठक मदरसा अहले सुन्नत नूरुल इस्लाम अंसार आबाद दुर्गी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मरकज के सदर हाजी ताहिर हुसैन ने किया और संचालन मरकज के सेक्रेटरी डॉ शाहनवाज खान ने किया। बैठक में एरिया कमिटी के पदाधिकरी के अलावे क्षेत्र के सभी गांव के मुहर्रम के सभी अखाड़े व अंजुमन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि अनुशासन के साथ जुलूस निकाली जाएगी सभी अखाड़े की जुलूस शाम पांच बजे तक थाना चौक नया नगर बरकाकाना पहुंच जाएगी। वहां पारंपरिक अश्त्र शास्त्र प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। बैठक में सदर हाजी ताहिर हुसैन ने कहा कि मुहर्रम याद ए हुसैन है साथ ही तहफ्फुज ए शरियत का पैगाम देता है। इमाम हुसैन राजियाल्लाह अन्हु शहीद हो गए लेकिन गैर शरई कामों को करने वाले को कुबूल नहीं किए तब आज हमारे पास हमारी असल शरियत महफूज है। संचालन करते हुए सेक्रेटरी डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि सभी अखाड़ों के लोग अपनी जुलूस को इमामबाड़ा से निश्चित रूट होते हुए थाना चौक नया नगर बरकाकाना तक अनुशासन के साथ लाएं। आपके अनुशासन पर आपके अखाड़ों को पुरस्कार दिया जाएगा और अश्त्र शास्त्र प्रतियोगिता के विजय अखाड़ों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।आज की बैठक में मुख्य रूप से हाजी मो खलील, हाफिज सौकत अली, अब्दुल बारी, नसीम अख्तर, आफताब आलम, नसीर अहमद, मो सलीम, आजाद अंसारी, जलील अंसारी, फखरुद्दीन शाह, गुलाम रब्बानी, तय्यब अंसारी, मो मुस्तकीम, अमानुल्लाह अंसारी, दुर्वेज आलम, मो अफरोज राय, साजिद अंसारी, अफरोज खान, सेराज अंसारी, वली मोहम्मद, अमजद अंसारी, तफसीर अहमद, सहमत अंसारी, लियाकत अंसारी, मो इजलाल, मो नसीम, मो वसीम, इमरान खान, जुनैद अली, साजिद अंसारी, मो अफरोज आलम, मो असलम आदि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा ने चिकित्सक एवं चार्टएड अकाउंटेंट को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा ने चिकित्सक एवं चार्टएड अकाउंटेंट दिवस पर चिकित्सक एवं चार्टएड अकाउंटेंट को मारवाड़ी धर्मशाला में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में डॉक्टर राहुल बरेलीया, चार्टर्ड अकाउंटेंट अमन बोंदिया एवं अर्चित अग्रवाल ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर राहुल बरेलीया ने बताया दवाइयों से सिर्फ बीमारी ठीक होती है लेकिन मरीज को सिर्फ डॉक्टर ठीक कर सकता है, बीमार शरीर के रूप में मन को ठीक किया जाना चाहिए। उन्होंने नेशनल डॉक्टर्स डे के महत्व के बारे में कहा की नेशनल डॉक्टर्स डे अमूमन डॉक्टर्स के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। बेशक मरीजों को ठीक करना डॉक्टर्स की ड्यूटी होती है, मगर अपनी इस ड्यूटी को पूरा करने के लिए डॉक्टर्स दिन-रात एक कर देते हैं. आमतौर पर डॉक्टर दिन के चौबीसों घंटे लोगों का इलाज करने के लिए तत्पर रहते हैं. उनके इसी लगन और जज्बे को सलाम करने के लिए यह खास दिन हर साल मनाया जाता है।चार्टर्ड अकाउंटेंट अमन बोंदिया एवं अर्चित अग्रवाल ने बताया चार्टर्ड अकाउंटेंट को भारत में सबसे सम्मानित और महान व्यवसायों में से एक माना जाता है। सीए हमारे देश के आर्थिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। आईसीएआई भारत में लेखांकन पेशे के बेहतर विनियमन के लिए देश का सबसे पेशेवर संस्थान है। सीए दिवस, भारत के सबसे पेशेवर और सबसे पुराने लेखा निकाय के योगदान के लिए धन्यवाद कहने के लिए मनाया जाता है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सं: EL-Chg-Open-34-2024-25
दिनांक: 28/06/2024

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा (e-tender) Single Packet System में आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य का नाम तथा स्थान :** 03 वर्षों के लिए धनबाद मंडल पर एलएचबी और गैर एलएचबी प्रकार के एसी कोचों के आरएमपीयू का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **(2) कार्य की अनुमानित लागत :**– रु. 7,58,84,886.83 (सात करोड़ अनठावन लाख चौरासी हजार आठ सौ छियासी रुपये और तेरासी पैसे) मात्र **(2) बयाना राशि :**– रु. 5,29,400.00 (रूपये पाँच लाख उनतीस हजार चार सौ मात्र)। **(4) ई–निविदा बंद होने की तारीख तथा समय :**– 19/07/2024 को 17:00 बजे, **(5) ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय :**– 19/07/2024 को 17:30 बजे। **(vi) वेबसाईट विवरण:–http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/धनबाद**
पीआर/0608/डीएचएन/एमईसीएच/टी/23–24/32

# हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से एक मजदूर घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** वैंकटेश स्पंज आयरन फैक्ट्री के समीप कार्य के दौरान मंगलवार को एक मजदूर हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सुद्दी गांव निवासी कुर्बान अंसारी उम्र 35 वर्ष सुबह घर से काम करने निर्माण कार्य स्थल गए थे। जहां दीवार जोड़ने का काम कर रहे थे। इस दौरान दीवार के ऊपर से गुजरी हाई वोल्टेज तार (33 हजार) की चपेट में आ गए। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में मौजूद लोगों ने घायल कुर्बान अंसारी को उठाकर इलाज के लिए रामगढ़ हॉप अस्पताल ले गए। जहां पर स्थिथि खराब देखते हुए परिजनों ने रांची के कृष्टा ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को नव दाम्पत्य जीवन की बधाई और शुभकामनाएँ देने पहुँचे रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी

**रामगढ :** दुलमी क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता और बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के विवाह के अवसर पर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी और सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता संतोष उनके गाँव सिरु पहुँचकर कर वर वधू को शुभकामनाएँ दिये। सुधीर मंगलेश ने करियर के शुरुआती समय से ही साथ में संघर्ष किया है और हर सुख दुख में वो हर बात साझा करते हुए एक पारिवारिक रिश्ता निभाते आ रहे हैं।उनके वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने से मैं बहुत खुश हूँ तथा ईश्वर से प्रार्थना भी करता हूँ कि उनका जीवन सुखमय हो।संतोष महतो ने कहा कि सुधीर छोटे भाई और पुराने सहयोगी रहे हैं और लंबे समय से राजनीतिक सलाहकार की भूमिका में भी रहे हैं।उनके परिणय सूत्र में बंधने से हमारे टीम में काफ़ी खुशी है और उनको उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की शुभकामनायें देते हैं।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–11/2024–.25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 11.07.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.07.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 12.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Varnishing of different out side Campus of Administrative officer's office Building at Hazaribag (Part-02) | 241850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Sanitary work in New Collectorate Building Hazaribag | 246950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Aluminium partition work at Different Places in New Collectorate Building Hazaribag | 244250/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Repair work for doors and windows in New Collectorate Building Hazaribag | 241750/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Emergent work of Laying outer Water Supplying Pipe Line in DLSA Building &PDJ Building in Civil Court, Hazaribag | 248800/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | E/R to Parking Shed & Roof Treatment in Circle Office B.C.D , Hazaribag. | 236700/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | Detail Estimate for A C Installation , wall Paneling & Door Paneling in Circle Office, B.C.D , Hazaribag. | 222800/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Rrpair Work of Sub Division office No-02 North side Near Camel Chowk ,Hazaribag | 70000/- | 2000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | Construction of New Toilet Room in DWO Officer's Chamber in New Collectorate Building , Hazaribag . | 248500/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 328432 Building(24-25).D

## पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार दिलाने के लिए ग्राम स्वराज यात्रा है : शांतनु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में 14वां दिन गोला प्रखंड के हेसापोडा से शुरू हुआ। यात्रा गोला प्रखंड के रकूवा और सूत्री पंचायत के रकुवा लीपिया गंधोनिया पिपरा बूटगोडा सागातु ब्राह्मण सागातू सूत्री रोला और कर्माजरा में जनसंपर्क किया। राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार दिलाना ग्राम स्वराज यात्रा का मुख्य उद्देश्यदेश है । 73 में और 74 में संशोधन के बाद पंचायत को संवैधानिक अधिकार तो मिल गए लेकिन आज भी जमीन पर वह अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं पंचायत को अधिकार दिए बिना ग्राम स्वराज नहीं आ सकता है और जब तक ग्राम स्वराज नहीं आएगा तब तक इस देश में गांव में आजादी अधूरी है पूरी आजादी के लिए ग्राम स्वराज जरूरी है इस देश में जन आंदोलन खड़ा हो रहा है और सरकारों को ग्राम स्वराज देना होगा ।पंचायती राज के बिना ग्राम स्वराज नहीं आ सकता है। महात्मा गांधी सरदार वल्लभभाई पटेल पंडित जवाहरलाल नेहरू मौलाना अबुल कलाम आजाद डॉ भीमराव अंबेडकर सावित्रीबाई फुले सहित तमाम स्वतंत्रता सेनानियों ने देश मे साशन का जो सपना देखा था उसमें पंचायती राज और ग्राम सभा सबसे प्रमुख था ।पंचायती राज ही सत्ता के विकेंद्रीकरण का रास्ता है।पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह यात्रा रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई है यह यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बता रही है सजग कर रही है । यह यात्रा 19 तारीख से सुभाष चौक रामगढ़ से शुरू होकर रामगढ़ विधानसभा के दौरे पर निकला है। इस यात्रा में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता जनार्दन पाठक प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी गुलाम सरवर लखेश्वर महतो प्रदीप महतो रविंद्र महतो राजेंद्र सिंह अजय सिंह रामकिशन तुरी फूलचंद मांझी साहब राम सोरेन खेतवा आदि थे ।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़**

**रोजगार मेला दिनांक 05 जुलाई 2024**

**सूचना**

राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा "दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार योजना" के तहत रोजगार मेला – 2024 का आयोजन 05.07.2024 को पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ में किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में निम्नलिखित निजी क्षेत्र के नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Radha Govind Shiksha Swasthaya Trust, Ramgarh | Project Head | 01 | MBA (Knowledge of Different Type of Project) | 20 + | Depend on Interview & Experience | Ramgarh |
| | | Operation Head | 01 | MBA (Knowledge of SKILL India Portal) | 20 + | | |
| | | Center in Charge | 02 | Graduation Knowledge of Team Handling) | 20 + | | |
| | | Placement in Charge | 02 | Graduation (Knowledge of Placement) | 20 + | | |
| | | MIS | 03 | Graduation (Knowledge of Hunner Portal) | 20 + | | |
| | | GDA Trainer | 04 | GNM/B.Sc Nursing (TOT Certificate) | 20 + | | |
| | | FTCP Trainer | 02 | Graduation TOT Certificate) | 20 + | | |
| | | Solar Trainer | 02 | Diploma/B. Tech/EEE/EE/ ME TOT Certificate) | 20 + | | |
| | | Soft Skill Trainer | 02 | Graduation in English | 20 + | | |
| | | IT Trainer | 01 | B.Sc (IT)/BCA | 20 + | | |
| | | Mobilizer | 10 | 10th Pass | 20 + | | |
| | | Boys Warden | 02 | 10th Pass | 20 + | | |
| | | Girls Warden | 02 | 10th Pass | 20 + | | |
| 2. | Spandana Sphoorty Finance Ltd., Ramgarh | Credit Associate (Loan Officer) | 20 | 12th Pass/ITI/Diploma (Compulsory Bike with valid DL) | 19 – 27 Year | 12000/- | Ramgarh |
| 3. | Bharat Financial Inclusion Ltd. (BFIL), Ramgarh | SMT | 10 | 12th Pass | 18 – 28 Year | 115450/- per Annum | Ramgarh |
| 4. | Hiphop Media House Pvt. Ltd. Ranchi | Telecaller | 02 | 12th Pass | 18 – 25 Years | 8000/- | All Over Jharkhand |
| | | Sales Executive | 20 | 10th Pass | 18 – 25 Years | 15500/- + Intensive | |
| | | HR – Counselor | 02 | MBA | 18 – 25 Years | 20000/- | |
| | | RM (Bank) | 10 | Graduation | 18 -25 Years | 25000/- | |
| 5. | Gramin Siksha Avam Prasichhan Foudation, Gujrat | CNC – Operator | 100 | 10th/12th Pass/Graduation /ITI/Diploma | 18 – 35 Years | 15820/- to 30000/- | Ahmadabad (Gujarat) |
| | | Quality Inspector | 100 | 10th/12th Pass/Graduation /ITI/Diploma | 18 – 35 Years | 15820/- to 30000/- | |
| 6. | Avsar HR Service, Bangalore | Operator (Only Female) | 100 | 10th/12th Pass/Graduation | 18 – 26 Years | 18715/- | Bangalore |
| | | Assistant (Female) | 100 | 10th/12th Pass/Diploma | 18 – 26 Years | 16000/- to 18000/- | PAN India |
| | | Assistant (Male) | 100 | 10th/12th Pass/Diploma | 18 – 26 Years | 12308/- | Noida |
| | | Warehouse Assistant (Male/Female) | 100 | 10th Pass | 18 – 30 Years | 12000/- to 18000/- | Ahmadabad |
| 7. | Sun Bright Manpower Solution Pvt. Ltd., Karnataka | Assembly | 100 | ITI (All Trade) | 18 – 28 Years | 17400/- | Karnataka |
| | | Mobile Assembler | 100 | 10th/12th Pass/Graduation | 18 – 26 Years | 18710/- | |
| | | Assembly | 50 | 10th/12th Pass/Graduation | 18 – 28 Years | 15000/- | |
| 8. | 2Coms Consulting Pvt. Ltd., Kolkata | Warehouse Executive | 50 | 10th Pass | 18 – 28 Years | 13200/- | Bangalore |
| | | Retails Sales Associates | 50 | 10th Pass | 18 – 28 Years | 12500/- | Trivandrum |
| | | SMO | 50 | 5th Pass | 18 – 30 Years | 10000/- | Tirupur |
| 9. | Jan Jyoti Educational & Charitable Trust, Ramgarh | Marketing Manager (M/F) | 10 | 10th Pass | 20 – 35 Years | Negotiable | Ramgarh/Pakur |
| | | Computer Teacher (M/F) | 06 | 12th Pass/BCA/PGDCA (Good Computer Skill) | 20 – 35 Years | | |
| | | MIS/Computer Operator | 03 | 12th Pass/BCA/PGDCA (Good Computer Skill) | 20 – 35 Years | | |
| | | Assistant Centre Manager | 02 | Graduation with Good computer Skill and handling all staff | 20 – 35 Years | | |
| | | Maintenance Manager | 01 | Graduation | 20 – 35 Years | | |
| | | Centre Manager | 01 | Graduation with Good computer Skill and handling all staff | 20 – 35 Years | | |
| | | Counselor | 01 | 10th Pass with Good computer Skill | 20 – 35 Years | | |
| | | GDA Trainer | 02 | GNM | 20 – 35 Years | | |
| | | Accountant | 02 | Graduation with Good computer Skill | 20 – 35 Years | | |
| 10. | Indo MIM Pvt. Ltd. (NTTF), Bangalore | Trainee | 150 | 10th/12th Pass/ITI | 18 – 23 Years | 14100/- to 14300/- | Bangalore |
| 11. | Brahmaputra Metallics Ltd., Ramgarh | Security Incharge | 01 | Graduation (Ex-Army Preferred) – 10 Years Exp. In Steel Industry | 45 – 50 Years | As per norms | Ramgarh |
| | | Security Inspector | 02 | Graduation (Ex-Army Preferred) – 5 to 8 Years Exp. In Steel Industry | 40 – 50 Years | | |
| | | Electrical Engineer | 01 | B. Tech/ Diploma - 5 to 10 Years Exp. | 28 -35 Years | | |
| | | GET | 01 | B. Tech (Elec/Mech) | 28 – 35 Years | | |
| | | Instrument Technician | 01 | ITI (Electrician) - 5 to 10 Years Exp. | 30 – 40 Years | | |
| 12. | Chaitanya India Fin Creadit Pvt. Ltd., Hazaribagh | Customer Relationship Executive | 50 | 10th Pass | 18 – 28 Years | 10890/- to 13500/- | All Over Jharkhand |
| 13. | Akhilagya Technologies OPC Pvt. Ltd., Ranchi | Service Technician | 02 | ITI (Elec.)/Diploma | 21 – 30 Years | 8000/- + TA | Ranchi |
| | | Sales Executive | 02 | Graduation/Diploma | 21 – 30 Years | 8000/- + TA | |
| 14. | Roots Mount Meo School, Ramgarh | TGT (SST+ English) | 02 | B.Ed/MA (03 Years Exp.) | 25 – 50 Years | 10000/- | Ramgarh |
| | | TGT (Science) | 01 | B.Ed/M.Sc (03 Years Exp.) | 25 – 50 Years | 10000/- | |
| | | PRT (Maths + Comp) | 02 | D.el.ed/Graduation (01 Years Exp.) | 25 – 50 Years | 7000/- | |
| | | PRT (English) | 01 | D.el.ed/Graduation (01 Years Exp.) | 25 – 50 Years | 7000/- | |
| | | Mother Teacher (All Subjects) | 04 | Graduation/ NTT | 25 – 50 Years | 7000/- | |
| 15 | Bagaria Garments | Salesman | 01 | 12th Pass (3 Years Exp.) | 25 Years | 9000/- | Ramgarh |
| | Bagaria Furnishing & Art Jewellery | Salesman | 02 | 12th Pass (3 Years Exp.) | 25 Years | 8500/- | |
| | Bagaria Brothers | Salesman | 02 | 12th Pass (3 Years Exp.) | 25 Years | 9000/- | |
| 16. | Nistha Skill, Kujju, Ramgarh | MIS | 01 | B. Tech/M. Tech/BCA/MCA | 18 – 35 Years | 15000/- to 25000/- | Ramgarh |
| | | Trainer | 04 | Graduation/ GNM | 22 -33 Years | 9000/- to 25000/- | |
| | | Placement Executive | 01 | Graduation | 21 – 45 Years | 13000/- to 26000/- | |
| | | Guard (Female) | 02 | 10th/12th Pass | 18 – 40 Years | 8000/- to 15000/- | |
| | | Guard (Male) | 02 | 10th/12th Pass | 18 – 40 Years | 8000/- to 15000/- | |
| | | Sweeper | 02 | Any | 18 – 45 Years | 5000/- to 12000/- | |
| | | Warden (Female) | 01 | 10th/12th Pass | 18 – 45 Years | 8000/- to 15000/- | |
| | | Mobilzer/ Marketing (Male/Female) – Field Work | 10 | 10th/12th/Graduation | 18 – 45 Years | 8000/- to 20000/- | |
| 17. | A.S. Associates | Technical helper | 100 | I.Sc/ITI/Diploma/B. Tech | 18 -35 Years | 12000/- 18000/- | Bokaro/Ramgarh/Asansol/Tata/Odisha |
| | | AC Coach Attendant | 50 | 10th Pass | 18 – 35 Years | 10000/- to 12000/- | Dhanbad/Ranchi/Ahmedabad |
| | | Office Staff | 50 | 10th Pass | 18 – 45 Years | 8000/- to 10000/- | Home Town |
| | | Sales Co-ordinator | 50 | 12th Pass | 18 – 45 Years | 12000/- to 14000/- | Home Town |
| | | Security Guard | 150 | 8th Pass | 18 – 40 Years | 10000/- to 12000/- | Dhanbad/Tata/Asansol/Durgapur |
| | | Site Supervisor | 20 | Graduation | 18 – 50 Years | 14000/- to 18000/- | Dhanbad/Tata/Asansol/Durgapur |
| | | Telecaller | 20 | 12th Pass | 18 -30 Years | 6000/- to 12000/- | Dhanbad/Bokaro |
| | | Data Entry Operator | 30 | 10th Pass | 18 – 35 Years | 8000/- to 10000/- | Home Based |
| 18. | Metalman Auto Pvt. Ltd. Bengaluru | Operator | 100 | 10th/12th Pass/ITI | 18 – 35 Years | 11960/- to 18232/- | Bengaluru |
| | | Associate | 100 | 10th/12th Pass/ITI | 18 – 35 Years | 11778/- to 17960/- | Bengaluru |
| 19. | Aerosoft Healtcare Pvt. Ltd. Ramgarh | ST Trainer | 02 | Graduation | 18 30 Years | 8000/- to 15000/- | Ramgarh |
| | | GDA Trainer | 02 | GNM/B.Sc Nursing | 18 – 35 Years | 10000/- to 18000/- | |
| | | Multi Skill Technician | 02 | Diploma (Hotel Management) | 18 -35 Years | 10000/- to 15000/- | |
| | | MIS | 01 | 10th/12th Pass | 18 – 35 Years | 10000/- to 15000/- | |
| | | Mobilizer | 03 | 10th/12th Pass | 18 -35 Years | 10000/- to 18000/- | |

रोजगार मेले में जिला नियोजनालय, रामगढ़ की भूमिका मात्र सुविधा प्रदाता के रुप में होगी। संबंधित प्रतिष्ठानों के द्वारा चयन हेतु आयोजित जाँच/साक्षात्कार की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु प्रार्थी का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। अतः मेला में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को सलाह दी जाती है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बायोडाटा, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अवसर का लाभ उठावें। रोजगार मेला के दिन स्थानिय नियोजनालय में निबंधन का कार्य नहीं होगा।

विश्वासभाजन, ह0/–, (देव कुमार प्रसाद)
जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़

PR 328385 Labour Employment and Traning(24-25)#D

# आमजनों की शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, बाल प्रायोजन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। समाहरणालय सभागार कक्ष में आयोजित जनता दरबार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों की भी उपस्थित रही, जिसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है।

## उपायुक्त ने किया संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह का औचक निरीक्षण

# बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, चरित्र निर्माण पर दें विशेष ध्यान : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने दिनांक 2 जुलाई 2024 को बरमसिया स्थित संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एसडीएम उदय रजक भी मौजूद रहें।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के भोजन के लिए खाना बनाने की व्यवस्था, चिकित्सकीय सुविधा, लीगल हेल्प, क्लासरूम, कंप्यूटर क्लास, बाथरूम, खेलने की सुविधाएं समेत अन्य व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ऊन्होने संप्रेक्षण गृह एवं विशेष गृह के जर्जर भवनों के रेनोवेशन हेतु भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को जल्द कार्य शुरू करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु उपलब्ध महिला जवान, होमगार्ड जवान, सीसीटीवी आदि की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने यहां पर रह रहे किशोरों से मुलाकात कर उनकी दिनचर्या के बारे में पूछा। उपायुक्त ने बच्चे किस कक्षा में पढ़ रहे हैं और उनके परीक्षा देने की क्या व्यवस्था है, इसके बारे में भी संचालक से पूरी जानकारी ली।

बच्चों के काउंसलिंग के बारे में जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने काउंसलर से कहा कि बच्चों के कैरेक्टर बिल्डिंग पर ध्यान दें। बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षक से भी उपायुक्त ने उनके बेहतर कल के लिए चरित्र निर्माण पर जोर देने के लिए कहा।

मौके पर साधना कुमारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, संतोष कुमार प्रसाद, परिवीक्षा पदाधिकरी सह प्रभारी उपाधीक्षक, प्रिय रंजन, काउंसलर समेत अन्य मौजूद रहें।

## भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने किया पौधरोपण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलनकारी सह भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने राजगंज मंडल के बुथ संख्या 297 मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया। नीलकंठ रवानी ने कहा कि देश के हर नागरिक को वृक्ष लगाना चाहिए। साथ ही कहा कि भाजपा के इस अभियान को आम लोग प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने लोगो से अपने आसपास के इलाके मे पौधा रोपण करने का भी आग्रह किया। नीलकंठ रवानी ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश आगे बढ़ रहा है और तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने कई ऐसे कदम उठाये जिनसे देश विकसित एवं प्रभावशाली होगा। नीलकंठ रवानी के अलावा भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश चन्द्र रवानी, महिला मोर्चा की महामंत्री शांति देवी ने भी पौधारोपण किया। मौके पर सावित्री देवी, किशोर चन्द्रवंशी, मंटु रवानी, गंगाधर रवानी आदि उपस्थित थे।

## अमरेश सिंह ने कर्मवीर सिंह को दी जन्मदिन की बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को रांची स्थित उनके कार्यालय में उन्हें जन्मदिवस पर स्वस्थ और दीर्घायु रहने की बाबा बैद्यनाथ जी से कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अमरेश सिंह ने कहा राज्य के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एक कुशल संगठनकर्ता, कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं व उनका व्यक्तित्व काफी ऊर्जावान है। बताया की आगामी झारखंड विधानसभा के चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर जीत के संदर्भ में भाजपा की संगठनात्मक मजबूती व एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रगति पर चर्चा हुई।

## कुरमीडीह के ग्रामीण पानी के लिए परेशान जलमीनार मरम्मति के लिये लगाई गुहार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर प्रखंड बड़ा पिछड़ी पंचायत अंतर्गत कुरमीडीह गांव के बजरंगबली मंदिर के सामने वाला मुखिया फंड से निर्मित सोलर जलमीनार ख़राब हो जाने के कारण गांव के लगभग आठ ग्रामीणों ख़ास करके महिलाओं बुजुर्गों को पीने की पानी का विकट समस्या उत्पन्न हो गई है ग्रामीणों के द्वारा कई बार स्थानीय मुखिया पंचायत सेवक गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी और संबंधित पदाधिकारियों को जलमीनार मरम्मति के लिए सूचना दिया गया लेकिन पंचायत सेवक के लापरवाही के कारण सोलर जलमीनार की मरम्मति नहीं करवाया जा रहा है।

# उपायुक्त के निर्देश पर गांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँची टीम, जांच में मिली गड़बड़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वित्तीय गड़बड़ी सामने आने के बाद सोमवार को उपायुक्त के द्वारा गठित टीम जांच को लेकर गंवा पहुंचा। इस टीम में जिला लेखा पदाधिकारी अनन्त कुमार मिश्रा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रेखा झा, जिला लेखा प्रबंधक सुमित कुमार, लेखा पाल एनटीइपी रविकांत सिन्हा, एसीएमओ परमेश्वर मिश्रा एवं जिला सलाहकार कुणाल भारती शामिल थे। जांच टीम के आते ही परिसर में हड़कंप मच गया। शनिवार को ही एक आदेश जारी कर सोमवार को सभी कर्मियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था।उपस्थित टीम ने सभी कर्मियों से अलग अलग पूछताछ की। वहीं निवर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रमोहन कुमार, बीपीएम प्रमोद बरनवाल से अलग कमरे में पूछताछ की।

पूछताछ में परत दर परत गड़बड़ी की पोल खुलती जा रही है। हालांकि इस संबंध में जांच कर रहे पदाधिकारी इस समय कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। इनका कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही सही जानकारी दे पाएंगे। पदाधिकारियों के द्वारा अस्पताल के सारे रजिस्टर, स्टॉक, दवा भंडार आदि का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है।

# गिरिडीह सेंट्रल कारा अधीक्षक हिमानी प्रिया को मिली जान से मारने की धमकी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत मोहनपुर सेंट्रल जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया को अज्ञात द्वारा जान से मारने की धमकी मिली है। मगलवार को बताया गया कि धमकी लगातार मिल रही है। इंटरनेशल कॉल के साथ व्हाट्सप्प मैसेज से इन्हे धमकी दी जा रही है। शिकायत मुताबिक यह कॉल और मैसेज इसी केंद्रीय कारा में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का सहयोगी कुख्यात मयंक सिंह कर रहा है ऐसा प्रतीत हो रहा जो जांच का विषय है। बताया गया कि चार दिन पूर्व जेल के अंदर जब वह भ्रमण पर थी तो अमन साहू ने उन्हें धमकी दी थी। हिमानी के मुताबिक उन्हें जो कॉल आ रहा है, उसमें यह कहा जा रहा है कि जैसा कहा जा रहा है वैसा किजिए, उतना ही कीजिये जितना में कह रहा हूं नहीं तो पुराने जेलर पर जिस तरह हमला हुआ था उसी तरह हमला आपके ऊपर होगा। हिमानी ने मिडिया से बातचीत के दौरान कही कि उन्होंने पूरे मामले की जानकारी जेल आईजी के अलावा गिरिडीह जिला उपायुक्त एवं गिरिडीह एसपी को दे दी है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से उनके पास अलग अलग देश से कॉल आ रहे हैं।फोन करनेवाला खुद को अमन साहू गैंगस्टर और विश्नोई गैंग का सदस्य बता रहा है। जेल के अंदर अमन की सुविधा बढ़ाने को कहा जा रहा है। यह बता दूं की अमन साहू झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर में से एक है और 2019 में गिरफ्तार हो जाना उसके बाद फरार हो जाना 2022 में फिर से गिरफ्तार हुआ था। 3 जुलाई को पलामू में गिरफ्तार करने के बाद उसे पलामू से गिरिडीह केंद्रीय कारा शिफ्ट किया गया था। यहां जेलर पर हमला हुआ तो अमन को सिमडेगा फिर पलामू जेल में शिफ्ट कर दिया गया। अबकी बार 21 जून को उसे फिर से गिरिडीह केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया है। फिलहाल वरीय अधिकारी मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं और गेंगास्टर के ऊपर करवाई हो इसको लेकर तैयारियां चल रही है।

## बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई का वार्षिक आम सम्मेलन संपन्न

# एलआईसी भारत की सबसे सुदृढ़ व मजबूत वितीय संस्थान है : हेमंत मिश्रा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह एलआईसी ज़िला कार्यालय में बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई का वार्षिक आम सम्मेलन एलआईसी शाखा परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा एवं मंडलीय महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में तथा मंडलीय कोषाध्यक्ष विजय चौबे अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत महान विभूतियो को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात शाखा सचिव धर्म प्रकाश के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर किया गया। उन्होंने प्रतिवेदन के माध्यम से कहा कि देश में अमीरी और गरीबी के बीच खाई बढ़ती जा रही है जो चिंतनीय है। देश में महंगाई और बेरोजगारी बढी है। एलआईसी एक मजबूत वित्तीय संस्थान है जो देश के आधारभूत संरचना के विकास में निवेश करती है तथा देश के लिए एक मजबूत वित्तीय स्तंभ का काम करती है। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के 74 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सर जे सी बोस गर्ल्स हाई स्कूल गिरिडीह में वृक्षारोपण किया गया।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

शुद्धि-पत्र

दिनांक 02.07.2024 को स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में शुद्धि–पत्र प्रकाशित की गयी थी। जिसका PR No.–328262 Drinking water & Sanitation (24-25) D. है। जिसमें बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि 08.06.2024 के स्थान पर दिनांक 08.07.2024 पढ़ा जाए। अन्य सभी शर्त्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता।

PR.NO.328427 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# एयरपोर्ट निर्माण के लिये सांसद ने नागरिक विमानन मंत्री को सौंपा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बहुप्रतीक्षित मांग धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण के मांग को लेकर धनबाद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो ने मंगलवार को केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु से मुलाकात कर स्मार पत्र सौंपा। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद के लाखों लोगों के जनभावना का ख्याल करते हुए धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण की मांग की गई। इस दौरान चर्चा करते हुए मंत्री ने नजदीकी एयरपोर्ट की दुरी का जिक्र किया। जिस पर सांसद ने भारत के मानचित्र पर धनबाद और नजदीकी एयरपोर्ट को बताया। सांसद ने कहा की धनबाद में आईआईटी आईएसएम, सिम्फर, बीआईटी, बीसीसीएल जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान हैं। एयरपोर्ट होने से प्रख्यात शिक्षकों, वैज्ञानिको, डॉक्टरों के आने जाने से धनबाद सहित आस पास के कई जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। धनबाद के व्यवसायियों के व्यवसाय में सुगमता आएगी और लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

e-Procurement Notice - 2nd Call

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Development and Strengthening of Existing 02 Model School located in East Singhbhum District of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 19.07.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/513/2019/ 2343 Ranchi, Date : 01.07.2024
Sd/- (Aditya Ranjan)
State Project Director
PR 328353 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D Jharkhand Education Project Council

# पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड की फेंसिंग का कार्य तीव्रगति से जारी


## 160 किमी-घंटा तक की गति से बिना किसी अवरोध के चलेंगी ट्रेनें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** मिशन रफ्तार के तहत देश में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए काम हो रहा है। प्रमुख रेलमार्गों पर ट्रेनों की रफ्तार 130 से बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक करने का लक्ष्य है । इसी कड़ी म्ं पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रस्तावित 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति वाले रेलवे ट्रैक के दोनों किनारे सुरक्षा बाड़ लगाए जा रहे हैं । इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक को कवर किया जा रहा है । इनमें प्रधानखंटा से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया, सोननगर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में से 231 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग का कार्य पूरा हो चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 200 किलोमीटर में से 110 किलोमीटर रेलवे ट्रैक फेंसिंग का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरी की जा चुकी है । शेष 90 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह धनबाद मंडल में आने वाले 175 किलोमीटर ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड में से 25 किलोमीटर लंबे घाट सेक्शन छोड़कर शेष 150 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेसिंग की जानी है । इनमें से अब तक 121 किलोमीटर का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा हो चुका है । बाकी बचे 29 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर अगस्त, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है । विदित हो कि प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंट के ढलाई किया हुआ स्लैब को दो पिलरों के मध्य स्थापित कर दिया जाता है तथा क्रैस बैरियर स्टील के दो पिलों के मध्य एक सीमित ऊँचाई के अंतराल पर दो स्टील प्लेटों को लगाया जाता है ।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम– भुवनेश्वर प्रसाद उर्म–47 वर्ष,
रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट 2 ईंच , पहनावा–चेक नारंगी शर्ट, फुल पैंट ग्रे रंग का एवं चप्पल निले रंग का पहने है।

उपरोक्त लापता पुरुष भुवनेश्वर प्रसाद उर्म–47 वर्ष पे0– इन्द्रदेव प्रसाद आवेदिका– अनिता देवी, सा0–कृष्णा पुरी रोड नं0–14 पो0–चुटिया थाना– चुटिया, जिला–राँची, वैकल्पिक पता– करम चौक गोपाल राय के घर में किराये दार थाना–सुखदेव नगर जिला–राँची। जो घर से दिनांक–15.06.24 को सुबह 7–8 बजे अपना काम में पी0एन0जी0 (यू0के0मी0) कम्पनी पुराना अरगोड़ा चौक निकल गया कम्पनी में समान ओटो पर लोड कर रविकान्त मेहता नामक लड़का के साथ समान डिलेभरी के लिए निकला लालपुर स्थित खुशी जेनरल स्टोर में समान डिलेभरी के बाद साथी रविकान्त मेहता चुटिया को घर जाने बोल कर निकला जो अभी तक घर लोट कर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में सुखदेव नगर थाना– सनहा संख्या–18/24, दिनांक–22.06.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची। –9431770077
थाना प्रभारी सुखदेव नगर, राँची। –9431788800

PR 328398 Police(24-25)D
वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कार्यालय कोडरमा

–: अति अल्पकालिन निविदा सूचना :–

सरकार के उप सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के पत्रांक– 10-AAY-55/2024/669 ग्रा0वि0 रांची, दिनांक 20.02.2024 से प्राप्त विभागीय पत्र के आलोक में अबुआ आवास योजना (AAY) के सफल एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन हेतु जिला अन्तर्गत सभी पंचायत भवनों में लाभुकों की विस्तृत जानकारियों का प्रदर्शन सूचना पट्ट के माध्यम से एक तालिका बनाकर सूचना अंकन किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | ग्राम | RID | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | श्रेणी | लिंग | प्राथमिकता सूची क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

(नोट:– Wall Paint –Yellow Color, Beneficiary Details - Black Color & अक्षरों की उंचाई 2 इंच होगी।)

इसके आलोक में इच्छुक अभिकर्त्ताओं से निम्न आवश्यक दस्तावेज के साथ मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

नोट :–

1. इच्छुक निविदादाता दिनांक 11.07.2024 को अप0 02:00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में निबंधित डांक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
2. मुहरबंद निविदाएं की दिनांक 11.07.2024 को अप0 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।
3. निविदा का नियम एवं शर्त की पूर्ण विवरणी कोडरमा के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त, कोडरमा

PR 328383 Rural Development(24-25)#D

# अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्षता शमशेर आलम ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा नर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शमशेर आलम ने माननीय उपाध्यक्ष, झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत एमएसडीपी में ली गई योजनाओं, साईकिल वितरण, वनाधिकार पट्टा, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, अल्पसंख्यक छात्रावास, चिकित्सीय अनुदान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि में अल्पसंख्यक समुदाय को दिये गये लाभ की जानकारी ली गई और आवश्यक निदेश परियोजना निदेशक, आइटीडीए, लोहरदगा को दिये गये। आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशनकार्डधारियों की संख्या व उसके अंतर्गत अल्पसंख्यकों को वितरण किये गये राशन कार्ड, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना में दिये गये लाभ की जानकारी दी गई। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जिला में कुल आंगनवाड़ी केंद्र व अल्पंसख्यक बहुल क्षेत्र में अवस्थित आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि बच्चों को समय पर सूखा राशन और पका हुआ भोजन सही समय पर दिया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से सहायक निदेशक द्वारा सभी तरह के पेंशनधारकों की संख्या का विवरण दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत वर्ष 2016-22 तक स्वीकृत व पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई। अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत मनरेगा परियोजना पदाधिकारी द्वारा मनरेगा योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस अंतर्गत एनआरएलएल योजना अंतर्गत गठित कुल स्वयं सहायता समूहों की संख्या और कुल अल्पसंख्यक समूहों की जानकारी दी गई। इस दौरान पलाश मार्ट के प्रगति की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग अंतर्गत सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय, उर्दू विषय में रिक्त शिक्षक के पदों की संख्या, उसमें पढ़नेवाले अल्पंसख्या छात्र-छात्राओं की संख्या,मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत आच्छादित मदरसों की संख्या, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पढ़नेवाले अल्पसंख्यक छात्राओं की संख्या समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। पुलिस विभाग अंतर्गत उग्रवाद हिंसा में मारे गये अल्पसंख्यों की संख्या, उनके आश्रितों को दी जानेवाली मुआवजा राशि की स्थिति, आश्रितों को नौकरी, दंगा पीड़ितों के भुगतान की स्थिति की जानकारी एसडीपीओ, लोहरदगा द्वारा दी गई। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी अभियंता द्वारा दी गई। सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा जिला में कुल स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, चिकित्सकों की उपलब्धता, विभिन्न रोगों के रोगियों की स्थिति आदि की जानकारी दी गई। इसमें शहर के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में एक अटल क्लिनिक की शुरूआत किये जाने का निदेश आयोग के उपाध्यक्ष द्वारा सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिया गया। नगर परिषद प्रशासक, लोहरदगा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों व लाभान्वित अल्पसंख्यकों की जानकारी दी गई। बगड़ू-कुटमू पथ में बन चुके बड़े आकार का गड्ढा को ठीक कराने और इमली चौक के पास तीन तरह से आनेवाले पथों में बैरिकेटिंग/स्पीडब्रेकर लगाये जाने का निदेश दिया गया। अर्द्धनिर्मित प्रधानमंत्री आवासों के लाभुकों के भुगतान के स्थिति की समीक्षा की गई। सहकारिता विभाग द्वारा बीज वितरण के स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही, बुनकर सहयोग समितियों की संख्या, सक्रिय बुनकर समितियां और निष्क्रिय बुनकर समितियों के स्थिति की समीक्षा की गई। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य बीज व अन्य योजनाओं में अल्पंसख्यकों के लाभुकों के स्थिति की समीक्षा की गई।

## हिंडाल्को ट्रक मालिकों पर विशेष ध्यान दें : धीरज प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक श्री धीरज प्रसाद साहू के आवास में सोमवार संध्या 4:00 बजे से एवं मंगलवार प्रातः 11:00 से हिंडाल्को कंपनी के पदाधिकारियों एवं माननीय संरक्षक श्री धीरज प्रसाद साहू एवं विभिन्न ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई। जैसा कि विदित है कि एसोसिएशन के संरक्षक श्री धीरज प्रसाद साहू के आह्वान पर बॉक्साइट माइंसों में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक पिछले 25 जून से हड़ताल पर है। आज आठवें दिन भी सभी ट्रक मालिक हड़ताल पर डटे रहे। इस बीच दोनों बैठकों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कंपनी, एसोसिएशन एवं संरक्षक महोदय के बीच वार्ता हुई ,वार्ता में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई, चर्चा के दौरान श्री धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि बॉक्साइट ट्रक मालिकों की स्थिति बहुत दयनीय है। कंपनी गंभीरता पूर्वक इस पर विचार करें और यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करें और छह चक्का ट्रकों को जो ट्रिप नहीं मिल रहा है, वैसे ट्रैकों को रोजगार कैसे मिले इस पर विचार करें और निर्णय करें। कुछ मुद्दों पर सहमति बनी और कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इस पर श्री साहू ने कहा कि कंपनी थोड़ा लचीला रवैया अपनाए और विचार करके पुन: बैठक करके इस मामले को हल करें एवं बंदी को खत्म करवाए। बैठक में माननीय पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू, हिंडाल्को कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट प्रतीक कुमार गुप्ता, एचआर हेड सुधीर चौधरी,एकाउंट्स हैड अमिताभ चक्रवर्ती, लॉजिस्टिक्स हेड अभिषेक कुमार सिंह के अलावा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों मे कंवलजीत सिंह, मुंद्रिका यादव, विनोद सिंह,अभय सिंह, रहमत अंसारी, मोहम्मद बबलू, समसुल अंसारी, पंकज सिंह, दीपक साहू, हरिचरण साहू, श्री ओम सिंह, श्री रामखेलावन साहू, रोहित अग्रवाल, विष्णु कुमार, संजू कुमार, राजेश शर्मा, बरज सिंह, विनय राम बिन्नू, रहमान अंसारी, शशिकांत दास, शकील खान, मोहम्मद आदिल अंसार खान, किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, विजय जायसवाल, फिरोज अंसारी, दाऊद आलम, शंकर प्रजापति, अनिल असुर, शशिकांत दास, साजिद खान, बालेश्वर महतो सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार लोहरदगा के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष सुकरू उरांव, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता पवन तिग्गा सक्रिय सदस्य शशि नंदन भगत की अगुवाई में लोहरदगा उपयुक्त कार्यालय में ज्ञापन दिया गया। शासन प्रशासन के संज्ञान में लाना की संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनाऐं पाबंदी कानून 2019 बना कर ठग कम्पनी और सोसाइटी में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। शासन प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधि का पालन न करने और ठगी पीड़ितो का भुगतान न करने के विरुद्ध 31 जुलाई के बाद राष्ट्र बेयापी अनिश्चित कालीन आंदोलन की घोषणा ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के सायोजक श्री मदन लाल आजाद जी ने किया है। ज्ञापन देने में ठगी पीड़ित के सक्रिय सदस्य समेल देवी, समीना खातून, सुधन उरांव, चैतू नागेसिया, रिवंती रवींद्र उरांव, मीना देवी, विशाल कुजुर उपस्थित हुए।


# अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं म.वि शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी व विधायक राजेश कच्छप के नेतृत्व में झारखण्ड अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं मवि शिक्षक शिक्षकेत्तर समन्वय समिति का प्रतिनिधि मण्डल सीएम चम्पाई सोरेन से मुलाकात की। साथ ही एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न जिलों में नियुक्त डीएलएड शिक्षकों के लंबित नियुक्ति का अनुमोदन यथाशीघ्र करते हुए वेतन भुगतान करने की मांग की गई है। इसके अलावे संकल्प ज्ञापंक 1389 दिनांक-17-10-2023 की कंडिका 5(1) में आंशिक संशोधन यथाशीघ्र करते हुए संशोधित संकल्प निर्गत करने, माध्यामिक शिक्षा निदेशालीय के पत्रांक 1443, दिनांक 23-08-2021 को निरस्त करने की भी मांग की है। विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि इस संबंध में वे पूर्व में भी ज्ञापन सौंप चुके हैं। मौके पर सीएम ने जल्द झारखण्ड अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं मवि शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सभी मांगों को जल्द पुरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द इस संबंध में विभाग से पत्र निर्गत हो जाएगा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल संघ के प्रदेश सचिव फादर मुकुल कुल्लू, महासचिव निरंजन कुमार सांडिल, अंथोनी तिग्गा, शीतल तिर्की, अनिता केरकेट्टा, तरुण कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, पीटर खेस, उत्तशम कुमार, संदीप डुंगडुंग, अनुप डुंगडुंग, अमित तिर्की सहित सिमडेगा के एनआईओएस वाले सात नवनियुक्त शिक्षक शामिल थे।

## जनहित में दुर्घटना को लेकर ट्रैक्टर चालक व मालिकों को किया गया जागरुक



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनहित में जागरुक्ता को लेकर सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो के माध्यम से ट्रैक्टर चालक तथा मालिक को विशेष ध्यान रखने योग्य बातों पर प्रकाश डाला गया है।विदित हो कि लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंड व पंचायत ग्राम में ट्रैक्टर के माध्यम से किसानों को खेती कृषि कार्य में काफी गति मिला है। वहीं कुछ अवगुण भी सामने आया है. जिसको लेकर ट्रैक्टर चालक तथा मालिक को जागरुक किया जा रहा है। वीडियो का भवार्थ क्या है और क्यों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसपर प्रकाश डालते हुए संक्षिप्त में विवरण करते हुए बताना चाहता हूं कि आज कल किसानो को खेती कृषि कार्य में ट्रैक्टर का महत्व बहुत अधिक दिया जा रहा है। और इससे किसान को समय का बचत होता है। परंतु कुछ चालक या ट्रैक्टर मालिक समय के दुरुपयोग किए बिना ज्यादा काम निकालने के चक्कर में कुछ गलतियां कर बैठते है। जिसके कारण दूसरे वाहन चालक को क्या समस्या होगा इन बातों को नजर अंदाज कर खेत जोताई के बाद ट्रैक्टर चक्का का मिट्टी हटाए बिना चालक गाड़ी पक्की सड़क पर लेकर दौड़ पड़ते है। ट्रैक्टर के चक्का में लगा मिट्टी पक्की सड़क पर गिरता है और इससे दूसरे वाहन चालक के बीच समस्या का कारण बन जाता है। जैसा कि वायरल तस्वीर में दिखाया गया है कि किस पर मिट्टी के कारण सड़क पर मोटरसाइकिल चालक गिर रहें है और भारी वाहन का भी बैलेंस कैसे खराब हो रहा है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जिला के तमाम प्रखंड पंचायत एवं गांव में ट्रैक्टर चालक व मालिक को अवगत कराने के दिशा में इस न्यूज के माध्यम से जगरुक करने को लेकर प्रकाशित किया जा रहा है। जिससे जागरूक हो ट्रैक्टर मालिक व चालक अन्य वाहन चालक के लिए कारण न बने।

**हिंदुओं को हिंसक बताने का बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण**

## हिंदू भारत की मूल आत्मा है हिंदू सहिष्णुता, उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच झारखंड के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने लोकसभा के संसद भवन मे कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक बताने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस बयान की कड़ी शब्दों में भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व को हिंसा से जोड़ने संबंधी महत्वपूर्ण पद पर आसीन कांग्रेस नेता का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व के करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफरती बता कर कांग्रेसी नेता ने फिर से अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को संसद भवन के अंदर ऐसा वक्तव्य देना एक बहुत ही गंभीर विषय है। हिंदू भारत की मूल आत्मा है हिंदू सहिष्णुता, सहनशीलता, उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है। हिंदू समाज जितना सहनशील होता है, उतना कोई धर्म नहीं। हिंदू समाज कभी अपने हित की बात नहीं करता बल्कि पूरे विश्व की कल्याण की बात करता है। हम राम के वंशज हैं। राम का वंशज कभी हिंसक नहीं हो सकता। कांग्रेसी नेता का यह बयान हिंदू समाज एवं सभी सनातनियों को अपमानित करने वाला है। उन्हें तुरंत पूरे हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

# लम्बित योजना का अभिलेख बन्द करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को मंगल दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में कनीय अभियंता,रोज़गार सेवक तथा सहायक अभियंता के साथ मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि जो योजनाएँ संचालित हैं। उन्हें विकास की प्रदान करें और लम्बित पुरानी योजनाओं का अभिलेख को बंद करें साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना,आम बागवानी, टीसीबी, कच्ची नाली, मेढ़ बंदी सहित अन्य योजनाओं को बरसात में चालू कर योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही रोज़गार सेवकों से सहयोग लेकर विकास कार्यो को गति देने का निर्देश दिया गया। जिसे विकास कार्य बढ़ सके और मजदूरों को काम मिल सके। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, सहायक अभियंता राजीव कुमार, कनीय अभियंता सूरज राम, शिव शंकर उरांव, अंजू कुमारी, प्रवीण कुमार, निमाई चांद महतो, अंजू तिर्की, रेखा कुमारी, शिवदयाल उराँव, शैफ शहजादा सहित अन्य सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में डॉक्टर दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी विद्यालय लोहरदगा के प्रभारी श्री अश्विन कुमार पात्रो द्वारा डॉक्टर दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। वे हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। समाज की भलाई और समुदायों के समग्र कामकाज में योगदान करने तथा उन्हें शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का प्रदान करते हैं। जैसा कि हम 1 जुलाई को डॉक्टर दिवस मनाते हैं, यह सभी डॉक्टरों के प्रति अपना आभार व्यक्त करने का एक आदर्श अवसर है। नन्हे बच्चों में चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता भाव के बीच डालने हेतु चिकित्सकों के योगदान पर कविता लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा पहली व दूसरी के मध्य किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने चिकित्सकों के जीवन तथा योगदान के समस्त पहलुओं से संबंधित मनोरम कविता प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के पश्चात नन्हे विद्यार्थीयों ने अपने घरों के आसपास चिकित्सा कार्य में कार्यरत चिकित्सकों के पास जाकर उन्हें गुलदस्ते व चॉकलेट देकर आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम में अंशुमान पात्रो, नमीरा साजिद व श्रेया श्रुति तथा कक्षा द्वितीय में ईशान वह शिवांश शर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। अश्विन पात्रो, सोमिता दास व रजनी प्रसाद ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## अभाविप का लोहरदगा जिला प्रमुख मानोग्या पांडेय व जिला संयोजक आदित्य साहु को बनाया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग जमशेदपुर में संपन्न हुआ ।अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन गुमला विभाग में आने वाले गुमला लोहरदगा सिमडेगा जिले में विभाग और जिला स्तर के नए दायित्वों की घोषणा को गई जिसमे जिले के प्रो हरि किशोर साही को विभाग प्रमुख, पूर्णकालिक कार्यकर्त्ता के रूप में विभाग संगठन मंत्री में मध्यप्रदेश के श्री देवी सिंह, विभाग संयोजक सुमंत कुमार साहु, जिला प्रमुख डॉ आशुतोष कुमार, जिला संयोजक अनीशा सिंह जिला सह संयोजक के रूप में सिसई के रॉकी राज के नाम को घोषणा हुई वहीं गुमला विभाग के अंदर आने वाले लोहरदगा में जिला प्रमुख मानोग्या पांडेय जिला संयोजक आदित्य साहु सिमडेगा जिला प्रमुख दीपक कुमार जिला संयोजक सौरभ सिन्हा के नाम को घोषणा की गई। परिषद द्वारा अयोजित प्रदेश अभ्यास वर्ग में झारखंड के सभी जिलों के कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। विद्यार्थी परिषद के प्रत्येक वर्ष होने वाले प्रांत अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं के विकास और संगठन के विस्तार के लिए परिषद को रीति नीति को बतलाया जाता और छात्र और समाज के बीच कार्य करने को दिशा प्रदान की जाती है। अभ्यास वर्ग में मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक ने सिद्धांत भूमिका राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने परिसर कार्य एवं परिसर चलो अभियान और प्रदेश संगठन मंत्री श्री नीलेश कटारे ने सदस्यता अभियान पर सत्र लेकर कार्यकर्ताओ की मार्गदर्शन किया वही बिहार झारखंड के निवर्तमान मध्य पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री निखिल रंजन ने पंच प्रण के जरिए सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्यकर्ताओ को आगे आने का आह्वान किया।इन पांच प्रण में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण,नागरिक कर्तव्य शामिल है। गुमला से इस अभ्यास वर्ग में झारखण्ड प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक कुणाल शर्मा, प्रदीप महतो, बादल नायक, प्रकाश साहु, संजोत लोहरा, अभिजीत भगत,उमेश नायक, बिंदेश्वर उरांव ने भाग लिया।

# प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में झारखण्ड सरकार का ग्रामीण विकास विभाग के तहत जेएसएलपीएस के माध्यम से प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम अनिता केरकेट्टा, अंचल निरीक्षक अनुज कुमार द्वारा संयुक्त रूप दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। सम्मेलन सह जन सुनवाई के दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के विभिन्न गाँवों से महिला व पुरुषों ने भाग लिया और अपने अपने समस्याओं को रखा। वही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि डायन कुप्रथा जैसे अंध विश्वास समाज के लिये अभिशाप है। इसको भगाने के लिये शिक्षा व जागरूकता की आवश्यकता है.शिक्षा के माध्यम से एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जिसे कुरीतियां और बुराई जैसी चीजें दूर हो सके किसी को भी डायन कहना कानून अपराध है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के लोग बचें। वही जेएसएलपीएस की प्रखंड समन्वयक पूनम देवी ने बताया कि गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई कार्यक्रम की शुरुवात फरवरी 2020 में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य है गाँवों का विकास करना और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों को अंध विश्वास और कुरीतियो के बारे में जागरूक करना साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में डायन बिसाही से सम्बंधित मामलों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर बिनोद होरो, जयन्त कंडुलना, हेमन्त कुमार, पूनम देवी, उषा कुमारी, अरविन्द कुमार, आरती देवी, प्रियंका देवी, ईशा कुमारी, पूनम टोप्पो, बच्चन, नितेश, रूबी, अंजना सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भाजपा के जनजाति कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक प्रखंड में आदिवासी अपमान सप्ताह मनायेगी : प्रवीण कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को भाजपा जनजाति से जुड़े कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी समाज में हो रहे हमले पर चिंता व्यक्त की गयी। प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने बतलाया कि कांग्रेस की समीक्षा बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदिवासी नेता पर अभद्र व्यवहार एवं मारपीट किया गया जो भाजपा कड़ी शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि किस पार्टी से बिलॉन्ग करता है इससे मतलब नहीं जनजाति पर हमला बीजेपी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिला की बैठक में जो हुआ वहां कांग्रेस का आदिवासी समाज खास तौर पर उरांव प्रेम को दर्शाता है। कांग्रेस में जो ठेकेदारी,अंचल एवं आदिवासी जमीन पर कब्जा करने वाले लोग कैसे कांग्रेस पर अपना वर्चस्व कायम करना चाहते हैं और भोले भाले आदिवासी को धमका कर अपना काम निकालना चाहते हैं। इसी के विरोध में भाजपा के जनजाति कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक प्रखंड में आदिवासी अपमान सप्ताह मनायेगी। और प्रखंडों में अपने हिसाब से कार्यक्रम करेगी? एक तरफ श्व.ष्ठ द्वारा हेमंत बाबू के गिरफ्तारी को इंडिया गठबंधन आदिवासी का अपमान बतलाती है और ऐसे मामले में चुप रहती है जबकि वह भ्रष्टाचार का मामला था और भाजपा को श्व.ष्ठ से कोई लेना देना नहीं है। अगर कांग्रेस सही में आदिवासी का हित चाहती है तो राज्य सरकार में एक स्.ढ्ढ.ञ्ज गठन का सिर्फ जमीन का जांच करा दे खास तौर पर रोड किनारे वाला जमीन खुद कांग्रेस को पता चल जाएगा। उसके सीने में बैठकर कैसे कुछ लोग आदिवासी का हक मार रहे हैं और अब आदिवासी समाज खास तौर पर उरांव समाज के संस्कृति को नष्ट कर रहे हैं। और उरांव समाज को भी समझना पड़ेगा उनका असली हितेशी कौन है। मौके पर अमीत लोहरा अध्यक्ष जनजाति मोर्चा भाजपा। कलावती देवी अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, तेम्बु उरांव पूर्व जिला परिषद सदस्य, बजरंग उरांव सदस्य प्रवेश कार्य समिति जनजाति मोर्चा लखन उरांव प्रखंड अध्यक्ष कैरो। लाखो उरांव जिला उपाध्यक्ष जनजाति मोर्चा। प्रदीप उरांव जिला कार्यसमिति सदस्य गुमला उपस्थित थे।

## अवैध बालू उत्खनन में नए कानून के तहत पहला मामला हुआ दर्ज



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत न्याय संहिता नए कानून के तहत जिले के जलडेगा थाना में सोमवार की देर शाम पहला मामला दर्ज हुआ है। मामला अवैध बालू के उत्खनन और परिवहन से संबंधित है। बताया गया कि सीओ डॉ प्रवीण कुमार ने सोमवार को गांगुटोली निवासी मोहित नाग का अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त करते हुए कार्रवाई हेतू थाना को सुपुर्द किया था। जिसके बाद थाना प्रभारी ने भारतीय न्याय संहिता के नए कानून के तहत जलडेगा थाना में कांड संख्या 37/ 24 के तहत मामला दर्ज किया। मामले में बीएमएस की धारा 303( 2), 317( 5) /, एमएमडीआर एक्ट की धारा 4/21 और झारखंड खनिज अधिनियम की धारा 7,9 और 11 के तहत मामला दर्ज करते हुए ट्रेक्टर चालक अनिल हजाम को मंगलवार को जेल भेजा गया यह जानकारी थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने दिया।

**चलते चलते एक नजर**

## भारतीय रेलवे ने जून में 135.46 मीट्रिक टन माल लदान का लक्ष्य किया हासिल

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने बीते जून माह में 135.46 मीट्रिक टन माल लदान का लक्ष्य हासिल किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक है। रेल मंत्रालय ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए बताया कि जून 2023 में 123.06 मीट्रिक टन की लोडिंग के मुकाबले जून 2024 के महीने के दौरान 135.46 मीट्रिक टन की प्रारंभिक माल ढुलाई हासिल की गई है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10.07 प्रतिशत का सुधार है। जून 2023 में 13,316.81 करोड़ रुपये की माल ढुलाई आय के मुकाबले जून 2024 में 14,798.11 करोड़ रुपये का माल ढुलाई राजस्व हासिल किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 11.12 प्रतिशत का सुधार दर्शाता है। भारतीय रेल ने जून, 2024 के दौरान कोयला (आयातित कोयला को छोड़कर) में 60.27 मीट्रिक टन, आयातित कोयला में 8.82 मीट्रिक टन, लौह अयस्क में 15.07 मीट्रिक टन, पिग आयरन और तैयार स्टील में 5.36 मीट्रिक टन, सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) में 7.56 मीट्रिक टन, क्लिंकर में 5.28 मीट्रिक टन, खाद्यान्न में 4.21 मीट्रिक टन, उर्वरक में 5.30 मीट्रिक टन, खनिज तेल में 4.18 मीट्रिक टन, कंटेनरों में 6.97 मीट्रिक टन और शेष अन्य वस्तुओं में 10.06 मीट्रिक टन की लोडिंग हासिल की। भारतीय रेलवे ने मिशन हंगरी फॉर कार्गो के तहत व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और चुस्त नीति निर्माण द्वारा समर्थित व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाने में मदद की।

## राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए बयान पर बांसुरी स्वराज ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने राहुल गांधी के गलत बयानबाजी को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को नोटिस दिया है। बांसुरी स्वराज ने लोकसभा अध्यक्ष को राहुल गांधी के गलत बयानों को उल्लेखित करते हुए 115 के तहत नोटिस दिया है और उन पर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मीडिया को बताया कि कल विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में बहुत सारे तथ्यहीन और अनुचित बयान दिए थे। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना के तहत कोई मुआवजा नहीं दिए जाने का बयान दिया था, जो पूरी तरह गलत है। राहुल गांधी ने किसानों को एमएसपी नहीं देना का दावा किया था, जो पूरी तरह गलत है। मोदी सरकार ने तो कुछ फसलों में एमएसपी 100 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ा दी है। साफ है लोकसभा में विपक्ष के नेता ने यह सारे झूठे बयान जानबूझकर सदन को गुमराह करने के लिए दिये। भाजपा सरकार ने कभी भी किसी भी किसान को आतंकवादी नहीं कहा। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष के निर्देश 115 के तहत, कोई सदस्य किसी मंत्री या किसी अन्य सदस्य द्वारा दिए गए बयान में किसी गलती या अशुद्धि को इंगित करना चाहता है, तो सदन में मामले का उल्लेख करने या यह मुद्दा उठाने की अनुमति मांगने से पहले अध्यक्ष को गलती का विवरण बताते हुए लिख सकता है।

# प्रखंड कार्यालय पर आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आजसू पार्टी केंद्रीय कमेटी का निर्णय के आलोक में आज गढ़वा प्रखंड समिति के द्वारा गढ़वा प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार एवं संचालन जिला प्रवक्ता विकास कुमार ने किया। पार्टी की ओर से 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौपा गया। ग्यारह सूत्री मांग पत्र में जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, पंजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट पर आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में




पारदर्शिता, मनरेगा योजनाओं को वर्षा से पूर्व पूरा कर मजदूरी भुगतान करने, गरीब छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र शीघ्रता से बनवा कर छात्रवृत्ति देने, किसानों को समय से खाद-बीज देने, प्रखंडों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने, प्रखंड व अंचल कार्यालय में ग्रामीणों का कार्य जल्द करने, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों व आश्रितों को प्राथमिकता देने आदि मांग शामिल है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, केन्द्रीय सचिव उमाकांत तिवारी, चंपा देवी, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक रविंद्रनाथ ठाकुर ने संबोधित किया। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह, केंद्रीय सदस्य डॉक्टर इश्तियाक राजा, रंभा देवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रिता देवी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष दीनदयाल पासवान, प्रधान सचिव रतन केसरी, शाहिद हसन जावेद खान अशोक सोनी, चंदन गोंड सविता देवी, कमला देवी, संगीता देवी, लालती कुंवर शहीद कई लोग उपस्थित थे।

## नेपाल में हो रही लगातार बारिश से उत्तर बिहार की नदियां उफान पट

**एजेंसी**

**पटना :** नेपाल में लगातार हो रही बारिश से उत्तर बिहार की नदियां उफान पर हैं। कोसी, बागमती, कमला बलान, महानंदा और परमान नदी लाल निशान को पार कर गयीं हैं। गंडक नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर के पार चला गया है। गंगा नदी पटना के दीघाघाट से लेकर भागलपुर तक लगातार ऊपर बढ़ रही है।राज्य के जल संसाधन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, महानंदा का जलस्तर पूर्णिया में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर पहुंच गया है जबकि बागमती सीतामढ़ी में खतरे के निशान से 60 सेमी और कोसी सुपौल में 52 सेमी ऊपर पहुंच गयी है। इसी तरह कमला बलान मधुबनी में 50 सेमी जबकि परमान नदी



पूर्णिया में खतरे के निशान से 45 सेमी से ऊपर बह रही है। इन सबका जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ता जा रहा है। बागमती मुजफ्फरपुर में चेतावनी स्तर के ऊपर पहुंच गयी है। बिहार का शोक कही जाने वाली कोसी नदी में तेज उफान है। नदी का जलस्तर सोमवार शाम को खतरे के निशान को पार कर गया।

# आईसीएआई की हरिद्वार शाखा ने मनाया सीए दिवस




**एजेंसी**

**हरिद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंटस ऑफ इंडिय की हरिद्वार शाखा की ओर से आयोजित सीए सप्ताह के सातवें दिन सीए दिवस का आयोजन किया। ब्रांच परिसर में प्रातःकाल में ध्वजारोहण और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।आईसीएआई की हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन ने बताया कि इस वर्ष संस्थान की स्थापना की 75 वर्ष पूर्ण होने पर यह विशेष उत्सव का आयोजन किया है। यह महत्वपूर्ण अवसर केवल एक उत्सव ही नहीं अपितु हमारे पेशे को परिभाषित करने वाला समर्पण, अखण्डता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। सीए मोहन ने कहा कि सदस्यों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के लिए सभी सराहना के पात्र हैं। यह हमारे पेशे के प्रति हमारा समर्पण और निष्ठा ही है जो हमें गर्व और सम्मान की अनुभूति करवाता है।सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरिद्वार ब्रांच ने एसएमजेएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा का स्वागत कर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. सुनील बत्रा ने कहा कि सीए देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं एवं भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सीए को कानून की विशेषज्ञता प्राप्त होती है और वह इन सभी मामलों में व्यवसाय का मार्गदर्शन करते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. बत्रा ने उपस्थित सभी सदस्यों को सीए दिवस की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन सीए हिमानी और अदिति सिंघल ने संयुक्त रूप से किया गया।

# डीसी ने की परामर्शदात्री समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति के चतुर्थ त्रैमासिक की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई, जिसके उपरांत उन्होंने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2023-24, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना, आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं एवं विषयों को लेकर गहन समीक्षा किया। बैठक में बैंकों को अच्छे प्रदर्शन करने को कहा गया एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए।



बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि गढ़वा जिले के 189 पंचायतों में स्वयं सहायता समूह के चयनित और प्रशिक्षित सदस्य को बीसी प्वाइंट का अधिष्ठापन कराया जाना है। सभी बीसी सखी को पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोलने के लिए सभी बैंक को सहयोग करने हेतु निदेशित किया गया जिससे पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोला जा सके। उपायुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एनुअल एक्टिविटी रिपोर्ट 2023-24 के पुस्तिका का विमोचन भी उपायुक्त द्वारा किया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सांसद एवं विश्रामपुर विधायक के प्रतिनिधि समेत डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक की, कहा**

# दिल्ली के कल्चर और मीडिया में बयानबाजी से बचें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता की. तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद संसद के पहले सत्र के दौरान सत्तारूढ़ दल के सांसदों के साथ उनकी ये पहली बातचीत थी. एनडीए की यह बैठक ऐसे समय में हुई जिस समय संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा चल रही थी. बैठक में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा. एनडीए का हर सांसद इस बैठक में मौजूद था. पीएम का माला पहनाकर संसदीय दल की बैठक में भव्य स्वागत किया गया. उन्होंने एनडीए की जीत पर खुशी जाहिर की है. पीएम ने कहा लगातार तीन बार जीतना बड़ी बात है. पंडित जवाहरलाल नेहरू के सामने आज की चुनौतियां नहीं थीं, फिर वो जीते थे. हमारे सामने तमाम चुनौतियों के बाद भी इतनी बड़ी जीत एनडीए को मिली.



पीएम मोदी ने नए सांसदों को नसीहत दी है कि दिल्ली के कल्चर और मीडिया में बयानबाजी से बचें. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि एक परिवार से कई पीएम बने और कुछ सुपर पीएम बने. उन्हे एक चाय वाले का पीएम बनना हजम नहीं होता इसलिए वो बार-बार हम पर हमला करते हैं.प्रधानमंत्री ने नए सांसदों से अपील करते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा संसद की कार्यवाही में हिस्सा लें. अपने लोकसभा क्षेत्र के विषयों को उठाएं. सभी सांसदों को देश सेवा को सर्वोपरि रखना है. सांसदों को अपना व्यवहार और आचरण ठीक रखना चाहिए. साथ ही साथ सांसदों को संसद के नियम के अनुसार आचरण करना चाहिए. संसद सदस्यों को जिन विषयों पर विशेष रुचि है, उसको शेयर करना चाहिए. उन्होंने कहा कि हर सांसद को परिवार सहित पीएम संग्रहालय में जाना चाहिए. हर सांसदों को अपने जड़ से जुड़ा रहना चाहिए. इधर-उधर भाषण की बजाए बेहतर ढंग से अपनी बात उचित फोरम पर रखना चाहिए.एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, प्रधानमंत्री ने हमें एक मंत्र दिया जो बहुत महत्वपूर्ण है. प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों से संसद के नियमों, संसदीय लोकतंत्र प्रणाली और आचरण का पालन करने का आग्रह किया जो एक अच्छा सांसद बनने के लिए आवश्यक है. मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री का यह मार्गदर्शन सभी सांसदों, खासकर पहली बार के सांसदों के लिए एक अच्छा मंत्र है. हमने इस मंत्र का पालन करने का फैसला किया है.

## ऑटो चालक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन कमिश्नर और आरटीए सचिव को सौंपा ज्ञापन

**रांची :** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ और ई रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष दिनेश सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को परिवहन कमिश्नर और आरटीए सचिव से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही ज्ञापन की कॉपी यातायात एसपी, रांची नगर निगम और डीटीओ रांची को भी दी गयी। प्रतिनिधिमंडल ने ऑटो चालक और ई रिक्शा चालकों के समस्या को लेकर बैठक करने का आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि अगर समस्या का निदान जल्द से जल्द नहीं होता है तो मजबूर होकर महासंघ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडेय, महासंघ के कार्यकारी सदस्य सह रांची रेलवे स्टेशन अध्यक्ष भोला सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस का चरित्र हिंदू विरोधी : भजनलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदू धर्म और हिंदुओं पर की गई घृणास्पद टिप्पणी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज को हिंसक, असत्यवादी और नफरती कहकर 125 करोड़ हिंदुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को देश की जनता ने रिजेक्ट कर दिया और लगातार तीसरी बार भी उनकी लॉन्चिंग फेल रही। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी का पहला भाषण ही झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। चर्चा के दौरान उन्होंने केवल और केवल झूठ ही बोला। राहुल ने अपने भाषण में हिंदुओं का घोर अपमान किया और हिंदू समाज को नफरती, हिंसक और झूठा बताया



जो कि पूरी तरह निंदनीय और दयनीय है। मुख्यमंत्री मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति रही है कि तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वोटों का ध्रुवीकरण कर सके। कांग्रेस के नेता सदैव हिंदू समाज के खिलाफ बोलेते रहे हैं। वर्ष 2010 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने और वर्ष 2013 में तत्कालीन गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने जयपुर में हिंदुओं को भगवा आतंकवादी बताया जिसके बाद उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। ससंद में बार बार ईश्वर के चित्रों को सामने रखना और इस पर राजनीति करना एक नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता। शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि हिंदू कौन है? हिंदू वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखने वाला और सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया की कामना करने वाला होता है। जीव प्रकृति जड़ चेतन में ब्रहम का साक्षात्कार करने वाला धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभाव हो, विश्व का कल्याण हो ऐसे मंत्र को जीने वाला हिंदू प्राण मात्र में ईश्वर का वास देखता है।

# राहुल गांधी मांगे माफी, आहत है संत समाजः अवधेशानंद गिरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को लेकर सदन में दिए बयान पर बीजेपी ने जमकर हमला बोला है। राहुल गांधी के बयान पर अब स्वामी अवधेशानंद गिरी ने आपत्ति जताई है। साथ ही राहुल गांधी से माफी मांगने की अपील की है।।अवधेशानंद ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा, हिंदू सभी में अपने भगवान को देखते हैं। हिंदू अहिंसक और उदार होते हैं। हिंदू कहते हैं कि पूरा विश्व उनका परिवार है। वह हमेशा सभी के कल्याण, खुशी और सम्मान के लिए प्रार्थना करते हैं। इसके साथ ही अवधेशानंद ने कहा कि हिंदुओं को हिंसक कहना या यह कहना कि वे नफरत फैलाते हैं। ये सही नहीं है। ऐसी बाते कहकर राहुल गांधी पूरे समाज को बदनाम और अपमानित कर रहे हैं। हिंदू समाज बहुत उदार है। यह ऐसा समाज है, जो सभी का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि हिंदू हिंसक हैं। हिंदू नफरत पैदा करते हैं। उनके इन शब्दों की वह निंदा करते हैं। राहुल गांधी को ये शब्द वापस लेने चाहिए। कांग्रेस नेता के बयान से पूरा समाज आहत है। संत समाज में राहुल गांधी के प्रति गुस्सा है। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।बता दें कि लोकसभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर देश में हिंसा, नफरत और डर फैलाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि ये लोग हिंदू नहीं हैं। इस पर सत्ता पक्ष के सासंदों ने लोकसभा में जोरदार तरीके से विरोध किया।राहुल गांधी के बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। पीएम मोदी के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व शर्मा समेत कई अन्य बीजेपी नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## लक्ष्य को निर्धारित करें, कितनी भी बेईमानी हो सत्य की हमेशा विजय होती है : रामेश्वर उरांव

**रांची :** खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 10वीं और 12वीं के जैक बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएससी बोर्ड के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में मंगलवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने अपने भाषण में उपस्थित अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में सिर्फ और सिर्फ स्कूली शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि बच्चे मैट्रिक के बाद और यहां तक के कुछ बच्चे तो मैट्रिक के पहले ही मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के नाम पर कोचिंग के जाल में फंसते जा रहे हैं और वास्तविकता में अपनी पढ़ाई से दूर एक व्यावसायिक जाल में फंस रहे हैं।

# दिल्ली महिला आयोग की खस्ता हालत के लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार : भाजपा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली महिला आयोग की खस्ता हालत पर दिल्ली भाजपा ने हमला बोलते हुए इसके लिए अरविंद केजरीवाल सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष का पद छह महीने से खाली पड़ा है। हालात ये हैं कि आयोग के 80 प्रतिशत कर्मचारियों को पिछले कई महीने से वेतन नहीं दिया गया है। आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल द्वारा अरविंद केजरीवाल को लिखी चिट्ठी का हवाला देते हुए भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर महिलाओं के प्रति संवेदनहीनता का आरोप लगाया है। मंगलवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग में जब अरविंद केजरीवाल ने स्वाति मालीवाल को अध्यक्ष बनाया था, उस वक्त बहुत



बड़ी-बड़ी बातें की थीं। लेकिन दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल आज केजरीवाल को पत्र लिखकर महिला आयोग की दशा पर सवाल उठा रही हैं। सहरावत ने कहा कि अपने पत्र के माध्यम से स्वाति मालीवाल ने जो तथ्य सामने रखे हैं, उसके अनुसार 115 महिलाएं जिनमें अधिकतर एसिड अटैक से पीड़ित हैं, जिन्हें पिछले कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली महिला आयोग में 80 फीसदी कर्मचारी कॉन्ट्रैक्ट पर थे, जिन्हें वेतन नहीं दिया गया और बिना किसी नोटिस के उन्हें बाहर कर दिया गया। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि पिछले 6 महीने से दिल्ली महिला आयोग में अध्यक्ष का पद खाली है, लेकिन केजरीवाल सरकार ने अभी तक किसी को अध्यक्ष नहीं बनाया है। इसके अलावा आयोग में एक दलित महिला मेंबर का होना संवैधानिक रूप से जरूरी है, लेकिन अभी तक किसी को भी नहीं नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली महिला आयोग द्वारा शुरू किया गया कंट्रोल रूम नंबर 181 को बंद कर दिया गया है। महिला आयोग के हालात केजरीवाल सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। बांसुरी स्वराज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा अभी तक दिल्ली महिला आयोग के लिए कोई राशि जारी ही नहीं की गयी, जिसके कारण काम कर रही महिला कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि 9 मई और 30 मई 2024 को हाई कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल सरकार को निर्देशित किया गया था कि महिला आयोग में काम कर रही कर्मचारियों को वेतन तुरंत जारी करें लेकिन आज तक केजरीवाल सरकार ने वेतन जारी नहीं किया।